You Tube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar




हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित




सीएम बोले महाकुंभ मेला क्षेत्र में होगी नेत्र कुंभ की......०१ | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | अंतर संसदीय महासभा की तैयारियां जोरों पर.........०६

वर्षः ०२ अंकः 88 | बदायूं, सोमवार 14 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ- ०6 | मूल्य- 4.०० रूपये

## कपिल सिब्बल बोले, सुप्रीम कोर्ट जबाब दे

# मुझे लगता है कि ईवीएम का दुरूपयोग होता है




**दिल्ली।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि चुनाव आयोग को हाल ही में संपन्न हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों में ईवीएम को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि उनका मानना है कि चुनावों में ईवीएम का दुरुपयोग होता है।

कांग्रेस ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना के दौरान ईवीएम में सामने आई विसंगतियों को लेकर कई शिकायतें सौंपी थीं। 2० विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस उम्मीदवारों ने चुनाव आयोग को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाए हैं कि आठ अक्टूबर को मतगणना के दौरान कुछ ईवीएम की बैटरी 99 प्रतिशत चार्ज थीं।

कांग्रेस के आरोपों को लेकर पूछे गए सवाल पर सिब्बल ने कहा, कांग्रेस ने ईवीएम के बारे में जो सवाल उठाए हैं, वह निर्वाचन आयोग को इसके सबूत दे रही है। मुझे इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन निर्वाचन आयोग को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। मुझे लगता है कि ईवीएम का दुरुपयोग होता है, यह किस हद तक होता है, मुझे नहीं पता।

कांग्रेस के पूर्व नेता ने कहा, मैं शुरू से ही इसके (ईवीएम के) खिलाफहूं। मैंने पहले भी कई बयान दिए हैं। जो अस्पष्ट है, उसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम को अप्रत्याशित बताते हुए कुछ सीट पर ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया है।

वहीं कपिल सिब्बल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के विजयादशमी पर संबोधन पर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भागवत के बयान और भारतीय जनता पार्टी की सरकार के जमीनी स्तर पर किये जा रहे कार्यों में बड़ा अंतर है। मोहन भागवत ने विजयादशमी पर अच्छा बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस देश में देवता बंटे हुए हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए, संत बंटे हुए हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए। यह विभिन्न धर्मों और भाषाओं का देश है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2०14 के बाद समाज में कई विभाजन हुए हैं और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया तथा उन पर बुलडोजर चलाए गए। सिब्बल ने कहा कि लव जिहाद और फ्लड जिहाद की अवधारणाओं पर बात हो रही है। मैं आरएसएस से पूछना चाहता हूं कि जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो वह सवाल क्यों नहीं उठाता? लोग दूसरों की नागरिकता पर संदेह करते हैं। कई विवादास्पद बयान दिए जाते हैं, आरएसएस सवाल क्यों नहीं उठाता।

## पुलिस हिरासत में मौतः रात भर चला प्रदर्शन, पुलिस ने लाठी मार खदेड़ा

### 4 पुलिस वालों पर गैर इरादतन हत्या का केस



**लखनऊ।** विकासनगर में पुलिस हिरासत में हुई अमन गौतम की मौत के मामले में शनिवार शाम शुरू हुआ जाम प्रदर्शन रात भर चलता रहा। पुलिस ने देर रात लाठी मारकर उनको खदेड़ा भी। परिजनों का आक्रोश इस कदर था कि वह शव का अंतिम संस्कार करने को राजी नही थे। आनन-फानन में पुलिस ने एक नामजद समेत चार पुलिस वालों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब रविवार दोपहर को परिजन अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए। इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती है। भीमा आर्मी चीफ चंद्रशेखर अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की है।

विकासनगर सेक्टर-8 में बीती रात जुआ होने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। पार्क के पास मौजूद 24 साल के अमन गौतम और उनके दोस्त सोनू को उठा ले आई थी। कुछ देर बाद अमन की मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस पर पीटकर मारने का आरोप लगाया था। तहरीर भी दी थी। शनिवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर परिजन और सैकड़ों इलाकाई लोग शनिवार शाम करीब चार बजे खुर्रमनगर चौराहे के पास जुटे। सड़क जाम कर दी और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन करने लगे।

परिजनों का कहना था कि अमन कभी भी जुआ नहीं खेलता था। जो लोग जुआ खेलते थे उनको पुलिस नहीं पकड़ पाई। अमन घर के बाहर अपने दोस्त के साथ खड़ा था तो पुलिस उसको उठा ले गई थी। पीटकर मार दिया। देर रात तक प्रदर्शन चलता रहा। इस बीच पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को खदेड़ा भी। लेकिन, परिजन किसी भी हालत में शव लेने को राजी नहीं थे। लिहाजा तहरीर के आधार पर सिपाही शैलेंद्र व अन्य तीन अज्ञात पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। तब परिजन शवा का अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए। पुलिस ने मामले में अमन की पोस्टमार्टम रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी दी है। दावा किया है।

## एक नजर

### डेढ़ लाख का इनामी अपराधी राजेश मुठभेड़ में ढेर




**बुलंदशहर।** जिले में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में डेढ़ लाख का इनामी बदमाश ढेर हो गया। जबकि थाना प्रभारी और एक सिपाही घायल हुआ है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, बुलंदशहर में डेढ़ लाख का इनामी दुर्दांत अपराधी राजेश ढेर हुआ है। कोतवाली देहात में वलिपुरा नहर पर मुठभेड़ के दौरान आहार थाना प्रभारी वाईडी शर्मा और एसओजी का एक सिपाही घायल हुआ है। देहात थाना इलाके में स्वाट टीम, एसओजी और आहार पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में यह इनामी मारा गया है। राजेश पर लूट, डकैती, हत्या के प्रयास जैसे 58 से अधिक मामले दर्ज हैं। राजेश पर बुलंदशहर से एक लाख, अलीगढ़ से पचास हजार का इनामी था। राजेश बुलंदशहर में आहार, अनूपशहर, डिबाई समेत कई थानों से वांछित था।

# महाकुंभ मेला क्षेत्र में होगी नेत्र कुंभ की स्थापना, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए योगी सरकार की पहल



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रयागराज में होने जा रहे ऐतिहासिक महाकुंभ 2025 को भव्य, दिव्य, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए दिन रात काम कर रही है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसी क्रम में मेला प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के लिए नेत्र कुंभ की स्थापना भी की जा रही है। 9 करोड़ से अधिक धनराशि से स्थापित होने वाला यह नेत्र कुंभ (नेत्र शिविर) श्रद्धालुओं को एक अस्थाई नेत्र देखभाल सुविधा प्रदान करेगा, जहां मेले के दौरान श्रद्धालुओं की दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नेत्र कुंभ के लिए एक बड़ी केंद्रीय इकाई मुख्य मेला क्षेत्र में स्थापित की जाएगी जो प्राथमिक नेत्र देखभाल केंद्र के रूप में कार्य करेगी।

महाकुंभ 2०25 में रिकॉर्ड संख्या में पूरे देश और दुनिया से श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। योगी सरकार और मेला प्रशासन इन श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अपनी ओर से शत प्रतिशत प्रयास कर रहा है। नेत्र कुंभ की स्थापना उसी दिशा में उठाया गया कदम है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2०24-25 में 9.15 करोड़ रुपए से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके माध्यम से महाकुंभ के दौरान स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की नेत्र देखभाल सुरक्षित की जा सकेगी। यदि किसी श्रद्धालु को मोतियाबिंद सर्जरी की आवश्यकता होगी तो उसका भी प्रबंध किया जाएगा। वहीं नेत्र चेकअप के साथ ही चश्मे का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। हजारों श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिल सकेगा। यह नेत्र कुंभ पूरी तरह श्रद्धालुओं की पहुंच में होंगे। तीर्थयात्रियों की आसान पहुंच के लिए इसे रणनीतिक रूप से कुंभ मेला परिसर के अंदर ही स्थापित किया जाएगा।

## जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती अपनी मां से मिलने पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ



**देहरादून।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती अपनी मां से मिलने पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी माता सावित्री देवी (8०) से मुलाकात की और काफी देर तक बात की। सीएम योगी की सुरक्षा को लेकर देहरादून एयरपोर्ट से लेकर हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट तक पुलिस और सुरक्षा एजेंसी का पहरा रहा। उनके साथ पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक भी साथ में मौजूद रहे। बता दें कि सीएम योगी की मां सावित्री देवी को शनिवार को तबीयत बिगड़ने पर हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट में भर्ती किया गया था। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्हें वार्ड 111 के 15 नंबर कक्ष में भर्ती किया गया है।

## जम्मू-कश्मीर में गठबंधन से ज्यादा निर्दलीयों पर रखी निर्भरता

### अपनी शर्तों पर सरकार चलाना चाहती है एनसी



**जम्मू।** विधानसभा चुनाव में 42 सीटें जीतने वाली नेशनल कांफ्रेंस नेकां गठबंधन की सरकार में होने के बाद भी अपनी शर्तो पर सरकार चलाने की राह पर चल रही है। गठबंधन सहयोगी कांग्रेस, सीपीआईएम और आप पर कम से कम निर्भरता हो इसके लिए नेकां अपने साथ निर्दलीय विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल कर रही है ताकि व अपने दम पर सरकार चला सके। नेकां गठबंधन के सहयोगी के कम से कम हस्तक्षेप के बिना अपनी शर्तों पर सरकार चलाने के लिए सरकार के गठन से पहले ही प्रयास कर रही है। नेकां ने अपने दम पर जरूरी बहुमत जुटा ली है। नेकां के निर्दलीय विधायकों के साथ अब आप का भी समर्थन मिला है। ऐसे में पार्टी अपने गठबंधन के सहयोगी और छह विधायकों वाली कांग्रेस को सरकार में बड़ा महत्व देने से परहेज करती दिख रही है। सूत्रों की माने तो कांग्रेस ने गठबंधन की सरकार में दो मंत्रालय व राज्य मंत्री का पद मांगा था, लेकिन नेकां उन्हें एक-एक पद से ज्यादा देने के मूड में नहीं है। नेकां गठबंधन के दबाव में सरकार चलने नहीं चाहती है। ऐसे में वह कांग्रेस को कम से कम महत्व दे रही है। विधानसभा में पक्ष और विपक्ष के बीच 22 का फैसला होगा। सत्ताधारी पाले में 56 विधायक होंगे जबकि विपक्ष में 34 विधायक होंगे। 56 विधायकों वाले सत्तापक्ष में नेशनल कांफ्रेंस के सबसे ज्यादा 42 विधायक रहेंगे। जबकि कांग्रेस के छह, सीपीएम से एक, आम आदमी पार्टी से एक और निर्दलीय छह विधायक है। वहीं विपक्ष में 34 विधायक हैं, जिसमें 29 भाजपा, तीन पीडीपी, पीसी से एक, एआईपी से एक विधायक हैं।

# महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था तबाह है, बाबा सिदद्दीकी की मौत पर भड़के राहुल



**दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर दुख जारी किया। राहुल गांधी ने इस हत्याकांड को लेकर महाराष्ट्र सरकार की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह से तबाह है। सिद्दीकी एनसीपी में शामिल होने से पहले लंबे समय तक कांग्रेस के सदस्य रहे थे।

महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की बीती रात बांद्रा के निर्मल नगर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी को आज रात साढ़े आठ बजे मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि बाबा सिद्दीकी के दुखद निधन से हैरान और दुखी हूं। इस मुश्किल वक्त में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के प्रति हैं। इस भयावह घटना ने महाराष्ट्र की खराब कानून व्यवस्था को उजागर कर दिया है। सरकार को इस मामले की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और न्याय होना चाहिए। बाबा सिद्दीकी ने राजनीति की शुरुआत एक छात्र नेता के रूप में की थी और लंबे समय तक वह कांग्रेस के सदस्य रहे। वह पहली बार कॉरपोरेटर (पार्षद) चुने गए थे। बाबा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी और साल 1977 में पार्टी की स्टूडेंट विंग में शामिल हुए थे। इसके बाद 198० में बांद्रा युवा कांग्रेस महासचिव, 1982 में बांद्रा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष और 1988 में मुंबई युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बने।

साल 1999 में बाबा कांग्रेस के ही टिकट पर पहली बार बांद्रा वेस्ट सीट से विधायक बने। बाबा सिद्दीकी साल 2०14 तक लगातार तीन बार बांद्रा वेस्ट से विधायक चुने गए। वे महाराष्ट्र सरकार में 2००4-2००8 तक खाद्य और श्रम मंत्री भी रहे। साल 2०19 में बाबा सिद्दीकी को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संसदीय बोर्ड में शामिल किया गया। फरवरी, 2०24 में वे कांग्रेस छोड़ अजित पवार की एनसीपी में शामिल हुए थे।

## ये लोग पूरे देश में गैंगस्टर राज लाना चाहते हैं: केजरीवाल

**दिल्ली।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी अजीत गुट के बड़े नेता बाबा सिद्दीकी की मुंबई के बांद्रा ईस्ट में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुंबई पुलिस ने इस मामले में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार संदिग्ध गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हैं। सूत्रों का कहना है गिरफ्तार किए गए संदिग्धों ने खुद ये दावा किया है। हालांकि अभी तक इस हत्याकांड की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। उधर, दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने बाबा सिद्दीकी की हत्या पर बड़ा बयान दिया है। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि मुंबई में सरेआम एनसीपी नेता (अजित गुट) की गोली मारकर हत्या की इस वारदात से ना केवल महाराष्ट्र बल्कि देशभर के लोग खौफजदा हैं। दिल्ली में भी कमोबेश यही माहौल बना दिया है। ये लोग पूरे देश में गैंगस्टर राज लाना चाहते हैं। जनता को अब इनके ख़िलाफ खड़ा होना ही पड़ेगा।

अमर भास्कर
आवश्यकता है-
अमर भास्कर
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)
को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।
संपर्क करें:-
मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198
ऑफिस:-
निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601
www.amarbhashkar.com
Email- amarbhashkar21@gmail.com

# जिले में दहन किया गया रावण का पुतला



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में रावण का पुतला दहन नुमाइश मैदान में राम और रावण की सेना के बीच हुआ युद्ध, लगे जय-जय श्रीराम के जयकारे के साथ विजय दशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाया गया। उत्सव के दौरान बुराई का प्रतीक माने जाने वाले रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया।

रावण का पुतला इस बार 65 फिट का बनाया गया था। वहीं वहीं कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले 55-55 फुट के तैयार किए गए हैं। नुमाइश मैदान पर उत्सव से पहले रामलीला मैदान से भगवान श्रीराम के सिंहासन और मां काली की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें 55 से ज्यादा डोले शामिल हुए थे। जिसमें श्रीराम, लक्ष्मण, वीर हनुमान, रावण समेत अन्य लोगों के डोले शामिल होंगे। शोभायात्रा दोपहर 1 बजे शुरू होगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। रामलीला मैदान से शुरू होकर यह शोभायात्रा आर्यसमाज रोड, मदारगेट चौराहा, गांधीपार्क चौराहा, मामूभांजा होते हुए मीरूमल चौराहा पहुंची। श्रीराधामोहन मन्दिर से श्रीकाली सवारी मुहल्ले में भ्रमण के बाद शोभायात्रा में सम्मिलित हुई। फिर शोभायात्रा बारहद्वारी चौराहा, रघुवीरपुरी चौराहा, नई तहसील के सामने होते हुए शाम 7 बजे नुमाइश मैदान पहुंची। यहां पर श्रीराम और रावण की सेना के बीच भयंकर युद्ध का मंचन किया गया।

जिसके बाद श्रीराम के हाथों रावण वध की लीला हुई। लंका पर विजय और रावण के वध के बाद श्रीराम, लक्ष्मण, सीता आदि के डोले मसूदाबाद जीटी रोड होते हुए वापस रामलीला मैदान अचलताल पहुंचे। डोला यात्रा में लगभग 70-80 झांकी शामिल रही, जो आकर्षण का केंद्र बनी रही। आयोजकों ने बताया कि प्रभुराम के लिए विशेष रथ का निर्माण किया गया। सात आर्टिफिशियल घोड़ों वाले रथ पर प्रभु राम सवार होकर युद्ध क्षेत्र में पहुंचे थे। वहीं रावण पांच घोड़ों वाले रथ पर आया। इसके अलावा गणेशजी की झांकी, राधा कृष्ण, हनुमानजी, शिव की झांकियां शामिल हुईं।

## डेढ़ लाख का इनामी अपराधी राजेश ढेर

**बुलंदशहर।** जिले में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में डेढ़ लाख का इनामी बदमाश ढेर हो गया। जबकि थाना प्रभारी और एक सिपाही घायल हुआ है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, बुलंदशहर में डेढ़ लाख का इनामी दुर्दांत अपराधी राजेश ढेर हुआ है।

कोतवाली देहात में वलिपुरा नहर पर मुठभेड़ के दौरान आहार थाना प्रभारी वाईडी शर्मा और एसओजी का एक सिपाही घायल हुआ है। देहात थाना इलाके में स्वाट टीम, एसओजी और आहार पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में यह इनामी मारा गया है। राजेश पर लूट, डकैती, हत्या के प्रयास जैसे 58 से अधिक मामले दर्ज हैं। राजेश पर बुलंदशहर से एक लाख, अलीगढ़ से पचास हजार का इनामी था। राजेश बुलंदशहर में आहार, अनूपशहर, डिबाई समेत कई थानों से वांछित था।

# पुलिस ने की पत्नी के सामने पति की पिटाई



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**मथुरा।** जिले के कोसीकलां में पत्नी के साथ काली मेला देखने गए पति की पुलिसकर्मियों ने धुनाई लगा दी, जिससे युवक के कान का परदा फट गया। चिकित्सकीय परीक्षण कराने सीएचसी गए युवक से पुलिसकर्मी चिट्ठी मंजनून छीन ले गए। घायल युवक को उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।जानकारी के अनुसार गोपाल नगर निवासी अमित वर्मा अपनी पत्नी दुर्गेश के साथ रविवार की रात बल्देवगंज चौराहे पर काली मेला देखने आया था। वहां भीड़ का दबाव अधिक होने के चलते पुलिसकर्मी भीड़ को तितर-बितर कर रहे थे, तभी एक सिपाही ने अमित से मारपीट कर दी। मारपीट होते देख वहां अन्य पुलिसकर्मी आ गए और अमित पर टूट पड़े। वहां खड़ी पत्नी मदद की गुहार लगाती रही, लेकिन पुलिसकर्मी हैवान बन गए।पुलिसकर्मियों की पिटाई से अमित के कान का परदा फट गया और शरीर में चोटें आईं।

इसकी शिकायत जब थाने पहुंचकर दी तो पहले तो चित्सिकीय परीक्षण करने के लिए भेज दिया। आरोप है कि जब वह चिकित्सकीय परीक्षण कराने सीएचसी पहुंचे तो पुलिस कर्मी वहां भी पहुंच गए, जहां से परीक्षण नहीं होने दिया। अमित को गंभीर हालत में उपचार के लिए निजी हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक का कहना था कि अगर कोई शिकायत मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# काली मेला देखने गए चार युवकों की सड़क हादसे में हुई मौत



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बुलंदशहर।** जिले के चार युवकों की अलीगढ़ जिले में सड़क हादसे में मौत हो गई। युवकों की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, बुलंदशहर के डिबाई के गांव दौलतपुर खुर्द से काली मेला देखने गए चार दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि शनिवार रात को गांव के रहने वाला विकास अपने दोस्त सुनील, यश शर्मा और रवि के साथ एक बाइक पर सवार होकर अलीगढ़ के क्षेरत क्षेत्र में काली मेला देखने गए थे। मेला देखकर लौटने के दौरान जवां थाना इलाके के छेरत स्थित गेस्ट हाउस के पास ट्रैक्टर ट्राली से उनकी बाइक भिड़ गई। हादसे में मौके पर ही चारों की मौत हो गई। अलीगढ़ पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चारों युवकों की मौत से गांव में मातम पसर गया।चारों दोस्त 19 साल से लेकर 22 साल तक के उम्र के हैं। दौलतपुर गांव में कोहराम मचा है। गांव में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। युवकों के घर ग्रामीणों और रिश्तेदारों की भीड़ लगी हुई है।

## दूसरी पत्नी के घर पर मिला युवक का शव

**अलीगढ़।** क्वार्सी थाना क्षेत्र के नगला पटवारी अन्तर्गत मौलाना आजाद नगर में एक युवक का शव दूसरी पत्नी के मकान गेट पर पड़ा मिला। रविवार की सुबह जब लोगों ने युवक का शव पडा देखा तो हडकंप मच गया और सूचना पाकर पुलिस भी पहुच गई और शव का पंचनामा भरके पोस्टमार्टम ग्रह भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्वार्सी थाना क्षेत्र के नगला पटवारी अन्तर्गत मौलाना आजाद नगर निवासी रियाजुद्दीन उर्फ राजू पुत्र जफरूद्दीन का शव उसकी दूसरी पत्नी के मकान गेट सामने पडा मिला। मृतक अपनी दूसरी पत्नी रेशमा के साथ ही रहता था। रविवार को उसका शव मिलने की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और पंचनामा भरके पोस्टमार्टम ग्रह भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर पहली पत्नी ने दूसरी पत्नी रेशमा पर हत्या का आरोप लगाया है।

# यूपी के बहराइच जिले के हैं दो शूटर



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**महाराष्ट्र।** मुंबई में हुए बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में यूपी के दो शूटरों के नाम सामने आ रहे हैं। इस घटना में शामिल धर्मराज कश्यप और शिव कुमार उर्फशिवा गौतम दोनों कैसरगंज कोतवाली के गंडारा गांव के रहने वाले हैं। दोनों परिवार के भरण पोषण के लिए मुंबई कमाने गए थे। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि दोनों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

यह दोनों ही सामान्य परिवार के लोग हैं। अभी तक नियमित रूप से यह परिवार के साथ जुड़े हुए भी थे। पुलिस घर पहुंचकर परिवार से बात कर रही है। साथ ही यह जानने की कोशिश कर रही है कि इस घटना के बारे में परिवार के पास क्या जानकारी है। महाराष्ट्र में अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुंबई पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, इस हत्याकांड को लेकर नया दावा सामने आया है। रिपोर्ट्स में दावा किया है कि हमलावरों ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए पटाखों का फायदा उठाया। दरअसल, दशहरे के मौके पर जब बाबा सिद्दीकी अपने बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर पटाखे फोड़ रहे थे तभी उनकी हत्या की गई। मुंबई में पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या करने वाला धर्मराज कश्यप बहराइच का रहने वाला है। कुछ महीनों पहले अपने साथी शिवाा गौतम के साथ मुंबई काम तलाशने गया था। मुंबई में हुए इस हाईप्रोफाइल मर्डर में उसका नाम सामने आने के बाद बहराइच पुलिस ने उसके बारे में छानबीन की तो कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं मिला। फिलहाल पुलिस उसके बारे में गहनता से पता लगा रही है।वहीं दूसरी ओर बाबा सिद्दीकी की हत्या का यूपी लिंक सामने आने के बाद एसटीएफ की सारी यूनिट्स को अलर्ट कर दिया गया है।

दरअसल, वारदात में शामिल एक शूटर मौके से भाग गया था। बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए अंडरवर्ल्ड की मदद लेने की आशंका जताई जा रही है, जिसकी वजह से एसटीएफ इसकी टोह लेने में जुट गई है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि अभी मुंबई पुलिस ने एसटीएफ से संपर्क नहीं किया है, लेकिन धर्मराज और उसके साथी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दरअसल, एसटीएफको शक है कि धर्मराज किसी संगठित गिरोह से जुड़ा था, जिसके बाद उसे किसी खास काम से मुंबई भेजा गया। दरअसल, वारदात के दौरान धर्मराज का किसी पेशेवर शूटर की तरह पिस्टल से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं।

# महाकुंभ में होगी नेत्र कुंभ की स्थापना



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार प्रयागराज में होने जा रहे ऐतिहासिक महाकुंभ 2025 को भव्य, दिव्य, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए दिन रात काम कर रही है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

इसी क्रम में मेला प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के लिए नेत्र कुंभ की स्थापना भी की जा रही है।नौ करोड़ से अधिक धनराशि से स्थापित होने वाला यह नेत्र कुंभ श्रद्धालुओं को एक अस्थाई नेत्र देखभाल सुविधा प्रदान करेगा, जहां मेले के दौरान श्रद्धालुओं की दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नेत्र कुंभ के लिए एक बड़ी केंद्रीय इकाई मुख्य मेला क्षेत्र में स्थापित की जाएगी जो प्राथमिक नेत्र देखभाल केंद्र के रूप में कार्य करेगी। महाकुंभ 2025 में रिकॉर्ड संख्या में पूरे देश और दुनिया से श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। योगी सरकार और मेला प्रशासन इन श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अपनी ओर से शत प्रतिशत प्रयास कर रहा है। नेत्र कुंभ की स्थापना उसी दिशा में उठाया गया कदम है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9.15 करोड़ रुपए से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है।

इसके माध्यम से महाकुंभ के दौरान स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की नेत्र देखभाल सुरक्षित की जा सकेगी। यदि किसी श्रद्धालु को मोतियाबिंद सर्जरी की आवश्यकता होगी तो उसका भी प्रबंध किया जाएगा। वहीं नेत्र चेकअप के साथ ही चश्मे का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। हजारों श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिल सकेगा।यह नेत्र कुंभ पूरी तरह श्रद्धालुओं की पहुंच में होंगे।

तीर्थयात्रियों की आसान पहुंच के लिए इसे रणनीतिक रूप से कुंभ मेला परिसर के अंदर ही स्थापित किया जाएगा। इस नेत्र कुंभ में तीर्थयात्रियों और संतों की व्यापक स्तर पर आंखों की जांच सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए शिविर में नेत्र परीक्षण के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरणों को लगाया जाएगा। जांच के दौरान दृष्टि दोष वाले व्यक्तियों को चश्मा वितरित किया जाएगा, जबकि जिन मामलों में अधिक गंभीर समस्या पाई जाएगी वहां भागीदार अस्पतालों में मोतियाबिंद सर्जरी की सुविधा होगी।

## रामलीला में लक्ष्मन की आरती उतारी

**बिसौली।** श्री जनता रामलीला में भगवान श्री राम लक्ष्मण की आरती की गई। इसके पश्चात पुष्पेंद्र नाथ गर्ग ने कर चले हम फिदा देश भक्ति गीत पर सुंदर प्रस्तुति दी। मंचन में भगवान श्री राम पंचवटी में माता जानकी को ना पाकर मनुजों की भांति विलाप करने लगे और यह धरती राक्षस विहीन करने की प्रतिज्ञा की। आगे चलते हैं तो रास्ते में जटायु जी घायल अवस्था में मिले और सारा वृत्तांत बताया राम जी जटायु जी का उद्धार करते हैं। आगे चलते हुए भगवान श्री राम मां शबरी के आश्रम में पहुंचे भगवान को शबरी ने भोग लगाया भगवान ने मां शबरी के अंदर समाहित नवधा भक्ति की व्याख्या की।

# स्थापना दिवस पर निकाला पथ संचलन



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन का संगम हुआ। प्रतिवर्ष विजयदशमी के पर्व पर आरएसएस अपना स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाता है और इस दिवस पर सभी स्वयं सेवक सड़कों पर पथ संचलन करते हुए अपने अपने शौर्य का प्रदर्शन भी करते हैं।

वहीं पिछल दिवस यद्यपि दशहरा की तिथि दोपहर बाद से लगी जिसके चलते इसके अगले दिवस एकादशी को उदया तिथि में इस पर्व को मनाते हुए लगभग तीन हजार से भी ज्यादा स्वयं सेवकों ने अलीगढ़ के तीन अलग अलग स्थानों से पथ संचलन किया। आपको बता दें कि पथ संचलन के लिए एक टुकड़ी गूलर रोड गायत्री पैलेस से निकली जहां मुख्य वक्ता के रुप में इस टुकड़ी को विभाग प्रचारक गोविंद जी ने सम्बोधित किया और इसके बाद संघ चालक अजय सर्राफ और भाग कार्यवाह दीपक कुमार के नेतृत्व में ये टुकड़ी रवाना हुई।वहीं दूसरी तरफ रामघाट रोड स्थित एसएमबी इंटर कॉलेज से रवाना हुई। पर्यावरण प्रमुख रणवीर जी ने संबोधित किया।

# प्रेमी युगल ने पुलिस के डर से खाया जहर, दोनों की हालत नाजुक




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**रामपुर।** पुलिस की गिरफ्तारी के डर से मूंडापांडे थाना क्षेत्र के नाजरपुर स्थित अमरूद के बाग में प्रेमी युगल ने जहर खा लिया। पुलिस ने दोनों को बेहोशी की हालत में टीएमयू स्थित अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रेमी के खिलाफ युवती के अपहरण का केस दर्ज था।

रामपुर जिले के भोट थाना क्षेत्र के इंदिरा गांव का रहनेवाला खेमकरन (24) पुत्र भोले सिंह गांव की ही एक नाबालिग लड़की से प्यार करता है। परिजनों ने खेमपाल की शादी कहीं और करा दी। इसके बाद वह अंतरजातीय नाबालिग लड़की के संपर्क में रहा।30 सितंबर को दोनों ने गांव से भागकर शादी करने का फैसला किया। बेटी के गायब होने के बाद पिता ने प्रेमी खेमपाल, उसके भाइयों, पिता और मां के खिलाफ बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके बाद पुलिस दोनों की तलाश में जुट गई।

इधर प्रेमी युगल शनिवार की रात छिपने के लिए नाजरपुर स्थित अमरूद के बाग में आए। दोनों ने बाग में बनी एक कोठरी में जहर खा लिया। सुबह बाग के स्वामी ने दोनों को बेहोश देखकर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को टीएमयू में भर्ती कराया। दोनों की हालत नाजुक बतायी जा रही है। पुलिस की पूछताछ से पता चला कि प्रेमी लोधी राजपूत और लड़की सैनी जाति की बतायी जा रही है। दोनों परिवार शादी के खिलाफ हैं।

## एचआईवी के प्रति जागरूकता की जरूरत

**अलीगढ़।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पानदरीबा सचिव व एम्नेस्टी इंटरनेशनल के पूर्व दक्षिणी एषिया के कोरडीनेटर इकबाल मंद ने अलीगढ मदार गेट स्थित वैश्यालय के बारे में बताया कि सेक्स वर्कर को स्वास्थ्य, सेक्स और सामाजिक देखभाल तक पहुँचने में आने वाली बड़ी बाधाएं है, जिनको अलीगढ प्रशासन दूर करे, क्योकि स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल तक पहुँचने में उनको बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस समुदाय के लिए कोई चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध नही हैं, वे मुख्यधारा की सेवाओं के बारे में भी नहीं जानती हैं, जो सेक्स वर्कस की जरूरतों के हिसाब से नहीं बनाई जाती है, उनका अपराधियों द्वारा उत्पीड़न भी होता हैं, जिस को रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए।

# एंबुलेंस पलटने से सात लोग हुए घायल



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** रविवार की सुबह गांधीपार्क थाना क्षेत्र मे एटा से गर्भवती सरकारी एंबुलेंस पलटने से गर्भवती महिला सहित 7 लोग घायल हो गये। बताते हैं कि महिला को अलीगढ़ के जिला महिला अस्पताल ले जाया जा रहा था।

यह हादसा अचलताल के सामने हुआ, जिसके बाद वहां मौजूद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद डॉक्टरों ने गर्भवती की हालत गंभीर होने के कारण उसे तत्काल जेएन मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। अन्य घायलों का जिला अस्पताल में ही इलाज किया जा रहा है। अलीगढ़ के शाहजमाल निवासी मो. रहीस ने बताया कि उनके मामा का परिवार एटा के जलेसर के गांव नकसेरपुर में रहता है। उनके ममेरे भाई की पत्नी शन्नो गर्भवती थी और उसकी हालत खराब थी। इसके कारण उसे एटा से अलीगढ़ के जिला महिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया था।

परिवार के लोग उसे एंबुलेंस से लेकर अलीगढ़ आ रहे थे। सभी जिला अस्पताल पहुंचने ही वाले थे कि गांधीपार्क थाना क्षेत्र में अचलताल के सामने एंबुलेंस अचानक पलट गई। जिसके कारण गर्भवती महिला शन्नो के साथ एंबुलेंस में मौजूद 3 महिलाएं और परिवार के 2 पुरुष भी घायल हो गए। परिवार के लोगों ने बताया कि ड्राइवर एटा से ही एंबुलेंस को काफी तेज रफ्तार में लेकर आ रहा था। इसके साथ ही वह गाने भी सुन रहा था। ड्राइवर और उसका साथी दोनों तेज आवाज में गाने सुन रहे थे, जिसके कारण उन्हें सड़क का अंदाजा नहीं मिल पाया। सीओ सेकंड आरके सिसौदिया ने बताया कि परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# परवेज चौधरी को बनाया गया युवा रालोद का जिलाध्यक्ष



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** युवा राष्ट्रीय लोकदल के युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन निकट ब्लूमिनडेल स्कूल, सागरताल कालोनी बदायूँ पर किया गया जिसकी अध्यक्षता आतिफ आरफी ने की, तथा युवा संवाद सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुरादाबाद से आये युवा रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह रहे तथा कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सभा के जिलाअध्यक्ष फुरकान खान एडवोकेट ने किया।

कार्यक्रम को सबोधित करते हुये क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा युवा राष्ट्रीय लोकदल के माध्यम से जिले मे जगह जगह प्रशिक्षण शिविर लगाये जायगे जहां लोगों को राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की विचारधारा से अबगत कराया जायेगा राष्ट्रीय लोकदल किसानों छात्रो नौजवानों की पार्टी है जिले के हर बूथ पर दस यूथो को जोडा जायेगा, संगठन की मजबूती पर जमीनी काम करने बालो को ही राष्ट्रीय लोकदल मे जगह है इस सबके साथ ही क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह ने परवेज चौधरी को बदायूँ युवा रालोद का जिलाअध्यक्ष घोषित किया और जिले की जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा युवा कि रालोद के जरिये राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत किया जायेगा, युवा, नौजवान, छात्र राष्ट्रीय लोकदल की रीढ है हम सब अपने नेता जंयत चौधरी के साथ है और हमेशा रहेगे

जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा राष्ट्रीय लोकदल मे ही किसानों नौजवानो छात्रो का उज्वल राजनीतिक भबिष्य है रालोद की मजबूती को ध्यान मे रखते हुये राष्ट्रीय लोकदल को वूथ स्तर से मजबूत किया जायेगा।

युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव योगेश यादव व अल्पसंख्यक बिंग के प्रदेश महासचिव उस्मान गद्दी ने कहा कि परवेज चौधरी को युवा का जिलाअध्यक्ष की जिम्मेदारी देने के लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह जी का बहुत बहुत आभार है राष्ट्रीय लोकदल अब जल्द जिले के हर गांव गांव जाकर युवा और छात्रो को राष्ट्रीय लोकदल से जोडेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष जंयत चौधरी के आदेशानुसार जिले के गांवो से लगभग 10 हजार युवाओं को राष्ट्रीय लोकदल मे जोडने का काम किया जायेगा, राष्ट्रीय लोकदल किसानों नौजवानो ,छात्रो का दल है एक यही बो पार्टी है जो हर समय किसानों के लिए खडी है

युवा रालोद के नवनियुक्त जिलाअध्यक्ष परवेज चौधरी ने कहा पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है मै पार्टी की जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाऊगा जल्द मै अपनी यूथ बिंग का गठन करके राष्ट्रीय लोकदल की नीतियो को जिले मे फैलाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगा। इस मौके पर राजकुमार बघेल, संजीव लल्ला, जावेद चौधरी, प्रमोद यादव, सोमेन्द्र सिंह आसिफ, अकरम चौधरी आदि मौजूद रहे।

# मनकामेश्वर जनसेवा समिति ने दिव्यांग महिलाओं को वस्त्र बांटे



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उसावां।** मनकामेश्वर जनसेवा समिति ने पंद्रह दिव्यांग महिलाओं को वस्त्र एवं मिष्ठान भेंट किया। वस्त्र पाकर मातृशक्ति के चेहरे खुश नजर आए। उन्होंने युवाओं के सुकार्य की सराहना की। मनकामेश्वर मंदिर से जुड़े युवाओं ने गरीब, कमजोर तथा असहाय लोगों की मदद के लिए मुहिम चला रखी है। समिति के माध्यम से यह लोग समाज में व्याप्त कुरीतियों व मिथकों के खिलाफ जागरूकता प्रसारित करने का काम करते हैं। इसके साथ ही समय - समय गरीब और जरूरतमंद लोगों की आर्थिक मदद करने का भी काम करते हैं। इसी क्रम में रविवार को समिति के तत्वावधान में 15 दिव्यांग महिलाओं को वस्त्र देकर सम्मानित किया। संस्थापक अनिल कृष्णा ने बताया कि समिति सामाजिक उत्थान को लेकर निरंतर प्रयासरत है। हम लोग नर सेवा नारायण सेवा और वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत का अनुपालन करते हैं। अध्यक्ष राजीव वासुदेवन ने कहा कि समिति के बैनर तले इस तरह के कार्य निरंतर संचालित होते रहते हैं। समिति की तरफ से गरीब एवं अनाथ प्रतिभावान बच्चों की शिक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष खर्च वहन किया जाता है।

# फाइनेंस कंपनी का आरएनआर फंक्शन का आयोजन



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** शहर में स्थित राजमहल गार्डन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से एचडीबी फाइनेंस सर्विसेज फंक्शन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में रहे बरेली के एएसएम अनूप कुमार मिश्रा जहां एसएम बदायूं ठाकुर शिब कुमार सिंह ने फूल मालाओं से जोर दार स्वागत किया इस फंक्शन में बदायूं के एसएम ठाकुर शिब कुमार सिंह कासगंज के एसएम वेदप्रकाश व बदायूं कासगंज एटा के सभी सेल्स आफिसर मौजूद रहे।

बरेली एएसएम अनूप कुमार मिश्रा ने एचडीबी फाइनेंस सर्विसेज में अच्छा कार्य करने वाले सेल्स ऑफीसरों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया इसको लेकर सेल्स ऑफीसरों के चेहरे पर मुस्कान थी। एएसएम अनूप कुमार मिश्रा बदायूं एसएम शिब कुमार सिंह कासगंज एसएम वेदप्रकाश ने सभी सेल्स ऑफीसरों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एचडीबी फाइनेंस सर्विसेज की टीम में फंक्शन में जमकर डीजे पर मचाया धमाल। एएसएम अनूप कुमार मिश्रा ने कहा कि यदि किसी भी सेल्स ऑफिसरों से कहा कि यदि किसी टीम मेम्बर को कोई भी परेशानी है तो वह सीधे एस एम द्वारा संपर्क कर अपनी परेशानी का बता सकता है एचडीबी की पूरे टीम आप सभी के साथ खड़ी है। इस मौके पर रोविन शर्मा, शिब कुमार सिंह, वेदप्रकाश, शिब ओम हरि मिश्रा, अंकुर शंखधार, राहुल सक्सेना, राजीव कुमार सिंह, मो. सालिम, जीतेश पटेल, अंकित कुमार, विकास अग्निहोत्री, सुमित, आदेश यादव, अंकित माथुर, रजत श्रीवास्तव, आलोक यादव आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### 25 अक्टूबर को दिल्ली में धरना देंगी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

**बदायूं।** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा के बैनर तले आज मालवीय आवास गृह बदायूं पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर 25 अक्टूबर के लिए दिल्ली में जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। यह धरना प्रदर्शन राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाब सिंह जी की अध्यक्षता में होगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी बहिने ट्रेन एवं बस के द्वारा दिल्ली चलेंगे। इस मौके पर खजाना देवी, शोभा वर्मा, निशा सक्सेना, लक्ष्मी देवी, प्रवेश कुमारी चौहान, नीलम सिंह आदि लोग मौजूद रहे। शोभा वर्मा ने कहा कि प्रत्येक परियोजनाओं पर बैठक करके सभी को जागरूक किया जाए एवं दिल्ली चलने के लिए तैयार किया जाए। खजाना देवी ने कहा कि जब तक संगठन में सक्रियता नहीं आएगी तब तक हम लोगों के लिए कामयाबी नहीं मिलेगी । इसलिए संगठन में जागरुकता जरूरी है। प्रवेश कुमारी चौहान ने कहा जो भी बहिने दिल्ली जाएंगी। उनकी एक सूची पहले से तैयार करके रख ली जाए, जिससे यह जानकारी रहे कि जनपद बदायूं से कितनी संख्या दिल्ली के लिए रवाना होगी।

### शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित



**बिसौली।** नगर के मौहल्ला ठाकुरान होली चौक में विजयदशमी एवं शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के चित्र पर मालार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। होली चौक पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर भानु प्रकाश सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि हमें हमेशा संगठित रहना है। राजीव कुमार सिंह ने कहा कि अगर संगठित रहोगे तो सुरक्षित रहोगे इसलिए संगठित रहो। उन्होंने कहा बुराई पर अच्छाई की जीत के उपलक्ष में विजयदशमी का पर्व मनाया जाता है। कार्यक्रम में ठाकुर संजीव कुमार सिंह, ठाकुर अजीत सिंह, हरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, शैलेंद्र सिंह, अंकुश सिंह, विश्वबंधु, शिवराम सिंह प्रधान, सुनील कुमार सिंह प्रधान, धर्मेश सिंह प्रधान, ठाकुर मुकेश सिंह, ठाकुर अशोक सिंह, ठाकुर हरिओम सिंह, ठाकुर विजय सिंह, ठाकुर आदित्य सिंह प्रदेश सचिव, राजीव कुमार सिंह, सुनील सिंह, ओमपाल सिंह दद्दा, मुकेश भदोरिया, विकास, आशीष कुमार सिंह, सूरज सिंह, प्रहलाद सिंह, नीरज सिंह, विकास सिंह, अमित सिंह, आशीष सिंह, दिनेश सिंह, अजय सिंह, ज्ञानेश सिंह, आनंद सिंह, रचित प्रताप सिंह, दिग्विजय सिंह, पवन कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह एडवोकेट, नरेंद्र कुमार एडवोकेट, यश राज सिंह, अतुल कुमार सिंह, कल्लू ठाकुर, श्रीओम सिंह, शिवम सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, लव कुश, सोनू ठाकुर, सुमित कुमार सिंह (जिला अध्यक्ष किसान मजदूर संघ), विक्रांत सिंह आदि क्षत्रिय बंधु उपस्थित रहे।

### 14 अक्टूबर को होगा उर्स-ए-रोशनी वाली दरगाह बड़े पीर साहब की तैयारियां पूर्ण कर ली गई



**बदायूं।** सहसवान नगर के मोहल्ला स्थित बारगाह ए मसारिफ ग्यारहवीं शरीफ व इमदाद खानदान वाकिफ व बराह ए मसारिफ नियाज हजरत गौस पाक र.अ.रोशनी बड़े पीर साहब खलीफा गौसे आजम मोहल्ला पट्टी यकीन मोहम्मद दरगाह के सज्जादा नशीन फैज अली खान ने बताया कि बड़े पीर साहब का 852वां उर्स होने जा रहा है जो कि हर साल की तरह इस साल भी होगा जो की रोशनी बड़े पीर साहब के नाम से जाना जाता है दरगाह पर दूर दराज से लोग यहां आते है और अपनी मुराद मांगते हैं और फातिहा भी लगवाते हैं यहां से लोगों को काफी फैज मिलता है

# वरिष्ठ पत्रकार ने स्वास्थ्य कैंप का किया अवलोकन



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**ककराला।** में हाल के दिनों में चिकनगुनिया, डेंगू, बुखार, और हाथ-पैरों में दर्द जैसी बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए, सेवा परिवार ग्रुप की कोशिश और वार्ड नंबर 1 के समाजसेवी असलम खान के योगदान से पिछले 17 दिनों से लोगों की भलाई के लिए मुफ्त चिकित्सा सेवा प्रदान की जा रही है।

हामिद अली खां राजपूत ने इस सेवा के प्रति सराहना व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यों की समाज को बहुत आवश्यकता है। उन्होंने उल्लेख किया कि असलम खान पिछले कई वर्षों से इस तरह के स्वास्थ्य कैंप आयोजित कर लोगों की भलाई के लिए कार्यरत हैं।

उनकी इस मुहिम के माध्यम से लोगों को चिकित्सीय परामर्श और मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे स्थानीय समुदाय को काफी लाभ मिल रहा है। हामिद अली खां राजपूत ने कहा कि समाज में ऐसे लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण है, जो निस्वार्थ भाव से जनहित के कार्यों में लगे रहते हैं।

# फिरोजाबाद में मुफ्ती फारूक कासमी बने जिला सदर, जीशान चिश्ती जनरल सक्रेटरी



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** मुकाम मस्जिद नाबंद चौराहा सदर बाजार फिरोजाबाद में जमिएत ए उलेमा जिला फिरोजाबाद के इंतखाबी इजलास मुनकाद हुआ जिसमे बड़ी तादाद में जमीयत उलेमा जिला फिरोजाबाद की तहसीलियो से जमीयत की अरकान और मजरीन शहर ने शिरकत की।

बैठक का आगाज मौलाना अब्दुलसत्तर कासमी की तिलावत से हुआ और नात हाफिज फरदीन ने पेश की मौलाना अमीन अख्तर जामिया ने जमीयत की खिदमत की खिदमात और तारीख पर रोशनी डाली मुफ्ती फारूक कासमी ने कहा जमीयत हमारे अकबरीन की जमात है हमे हर महाजपर्तरण में दहन से जमीयत की शान बसाना खड़े रहना है इंतखाब में फैसल मुफ्ती आमिर कासमी रहे। मौलाना अब्दुल बासित कासमी ने जिला सदर के लिए मुफ्ती फारूक कासमी के नाम को पेश किया जिस पर पूरी मजमें ने हाथ उठाकर तादीद की नायब सदर मौलाना अब्दुल वहीद मुफ्ती और सैयद जीशान चिश्ती को बनाया गया जनरल सेक्रेटरी के लिए कारी नईमुद्दीन को कसरत राय की बिना पर मुनखाबित किया गया और खाजिन मौलाना अब्दुपबस्ता साहब को बनाया गाया बैठक में मौलाना अब्दुल मुगेज, मुफ्ती नदीम अख्तर, मौलाना सिराज, मौलाना दस्तकबीर, मौलाना हसीबुल्लाह कारी केसर अली, हाफिज काशिफ हाफिज सिफा, हाफिज साकिब, हाफिज फुरकान, मौलाना हाशिम, मौलाना फेजन, कारी गियासुद्दीन, अबरार भाई, मौलाना मंजूर, मौलवी अब्दुलमहीज, मौलाना मतिउल्ल, मुफ्ती न्यूवेज, मौलाना शाबान, हाफिज सूफियान, हाफिज फरदीन करी मुमताज करी सिराजुद्दीन हाफिज शफी, हाफिज अब्दुल्ला, हाफिज अली हसन, मुफ्ती आने से मुफ्ती जीशान हाफिज कासमी नफीस मौलाना शाबान वह वह देकर मुजरिम ने शिरकत की और मौलाना सिराजुल हक की दुआ की गयी बैठक में वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद राशिद मेनेजर मौजूद रहे।

# सरकार की ढील या प्रशासन की मनमानी छुट्टा गौवंशों का हर गांव में जमावड़ा, किसानों की हो रही हत्या



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिले में छुट्टा गोवंश लगातार घूम कर किसानों की हत्या का सबब बन चुके हैं जिले में लगातार छुट्टा गोवंशों से एक्सीडेंट और मोटरसाइकिलओ से एक्सीडेंट की खबरें छपती रहती हैं फिर भी सरकार नहीं सुन रही है जिले में सड़कों पर छुट्टा गोवंश घूम रहे हैं सरकार की तमाम आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं सरकार के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है जिले की ब्लॉको पर लगभग हर गांव में गोवंशओ का जमावड़ा रहता है लेकिन विभाग ने इनको पकड़वाने की कोई पहल नहीं की है जबकि सरकार का आदेश है की छुट्टा गोवंश गांव या सड़कों पर दिखाई नहीं दे लेकिन आदेशों को हवा हवाई बनाया जा रहा है विभाग गोवंशों की कार्यवाही कागजों में पूरी तो करता है लेकिन धरातल पर गौवंशो को पकड़ने का कार्य नहीं किया जा रहा है किसानों ने बताया की फसल की रखवारी दिन और रात करनी पड़ती है फिर भी फसल को छुट्टा गोवंश खा जाते हैं किसान छुट्टा गोवंशों से बहुत परेशान है लेकिन सरकार में किसान इतना दुखी है की वह अपने बच्चों का पेट पालने के लिए अपनी जान गवा रहा है छुट्टा गोवंशों ने जान कितने किसानों की जान ले ली है लेकिन किसानों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है लेकिन जिले से पशु प्रेमी वीकेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों को छुट्टा गौवंशो के मामले में सरकार को कई बार पत्र लिखकर शिकायत कर चुके हैं लेकिन शिकायतों का कोई भी समाधान नहीं हुआ छुट्टा गोवंशों के मामले में विभाग ने अपने कान में तेल डाल रखा है विभाग से संबंध छुट्टा गोवंशों की लापरवाही ब इलाज के मामले में पशु प्रेमी बीकेंद्र शर्मा जिले के डीएम से भी शिकायत कर चुके हैं कादरचौक ब्लॉक के गांव नूरपुर में किसानों ने छुट्टा गौवंशो को पकड़वाने की मांग की है

# मूल्य की समझ....



जो तुम्हारा मूल्य न समझे उसके सामने जबरन प्रेम प्रदर्शन मत करना क्योंकि ऐसा करने से तुम्हारे प्रेम के साथ तुम्हारी भावनाओ को भी कुचल दिया जाएगा। अनदाजे से न नापिए शख्सियत हमारी ठहरे हुए दरिया अक्सर गहरे हुआ करते है।दूसरों का पैसा मारने से क्या हानि होती है। जो लोग दूसरों का पैसा मार लेते हैं बह कभी सुख से नही रहते, उनके घर में पित्र दोष लग जाता है।उनका सारा पैसा दवाओं या कोर्ट कचहरी में खर्च होता है। वंश वृद्धि भी कम हो जाती है। एक के बाद परेशानियां आती रहती हैं। ये बात 100 प्रतिशत सही है। जिन्हे बाकई बात करना आता है वे लोग अक्सर खामोश रहते है। जब तुम्हारे निजी जीवन में कुछ अच्छा हो रहा हो तो उसे दूसरों से साझा करने की गलती कभी भी मत करना। आचार्य चाणक्य ने कहा है की शिक्षा, धन, और सफलता धीरे धीरे प्राप्त होती है शुरुआत में हो रहे कम लाभ को देखकर प्रयत्न करना नही छोड़ना चाहिए याद रखना जल की एक एक बूंद से ही धीरे धीरे घड़ा भर जाता है। इच्छाएं मनुष्य को जीने नही देती और मनुष्य इच्छाओं को कभी मरने नही देता।

इस राज को क्या जाने साहिल के तमाशाई।

हम डूब के समझे हैं दरिया तेरी गहराई।

ये जबर भी देखा है तारीख की नजरों ने।

लम्हों ने खता की थी सदियों ने सजा पाई। हर ऐब गरीबी से जुड़ा है, दौलत दलालों को ईमानदार बना देतीहै। परिवार एक सुंदर मोती से बनी हुई माला है इसका एक भी मोती निकल जाए तो इसकी सुंदरता खो जाती है। हारता बह है जो शिकायत बार बार करता है और जीतता बह है जो कोशिशें हजार बार करता है।

# स्काउट संस्था ने कुष्ठ रोगियों को बांटा भोजन और दैनिक उपयोग का सामान



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उझानी।** कछला के मां भागीरथी तट पर स्थित कुष्ठाश्रमों में कुष्ठ रोगियों को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश बदायूं संस्था और इंडियन स्काउट गाइड फैलोशिप की ओर से भोजन और दैनिक उपयोग का सामान वितरण किया गया। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर भोजन वाहन को स्काउट भवन से रवाना किया। उन्होंने कहा कि सुखी जीवन का आधार निरूस्वार्थ सेवा है।

पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्र को आगे बढ़ाने, ऊंचा उठानें और शाश्वत प्रगति करने का मूलमंत्र निरूस्वार्थ सेवा और प्रचंड पुरुषार्थ है। इंडियन स्काउट गाइड फैलोशिप के प्रेमपाल सिंह, महीपाल सिंह तोमर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त पूर्वी सक्सेना, मधुलता सक्सेना ने भोजन और दैनिक उपयोग का सामान वितरण किया। जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार ने बताया कि कछला स्थित मां भागीरथी तट के दोनों ओर कुष्ठाश्रमों पर 104 कुष्ठरोगियों को एक दिन का तैयार भोजन, महीने भर का नहाने व कपड़ा धोने का साबुन, चायपत्ती, चीनी, पट्टियां और दैनिक उपयोग का सामान वितरण किया। इस मौके पर हरपाल सिंह, गोपाल आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

### आत्मविश्वास में इजाफा



संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों को राहत देते हुए भारत ने उसके साथ द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के कुछ प्रावधानों को शिथिल कर दिया है। इसमें निवेशकों के लिए विवाद की स्थिति में समाधान के स्थानीय उपायों का उपयोग करने की अवधि को पांच वर्ष से कम करके तीन वर्ष करना शामिल है। इसका अर्थ यह हुआ कि अगर भारतीय न्याय व्यवस्था इस तय अवधि में किसी विवाद को हल कर पाने में नाकाम रहती है तो निवेशक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का सहारा ले सकते हैं।

यह भारत के बीआईटी मॉडल में एक बड़ा बदलाव है जिसमें स्थानीय समाधान उपायों के लिए पांच वर्ष की अवधि का प्रावधान है और यकीनन ऐसा करके निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास किया गया है। भारत-यूएई बीआईटी के दायरे में शेयर और बॉन्ड जैसे पोर्टफोलियो निवेश भी हैं।

उम्मीद है कि इससे संधि के दायरे का विस्तार होगा और पैसिव वित्तीय होल्डिंग वाले निवेशक इन्वेस्टर स्टेट डिस्प्यूट सेटलमेंट (आईएसडीएस) प्रणाली की मदद से विवादों को हल कर सकेंगे। अप्रैल 2020 से जून 2024 के बीच यूएई ने भारत में कुल 19 अरब डॉलर का निवेश किया। यह देश में आने वाले कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई का करीब तीन फीसदी था।

बीते वर्षों के दौरान मध्यस्थता संबंधी कई निर्णय भारत के खिलाफ गए हैं। इन निर्णयों में भारत की विदेशी परिसंपत्तियों, जिनमें राज्य के स्वामित्व वाली संपत्तियां शामिल हैं, को जब्त कर लिए जाने का खतरा भी शामिल रहा।

उदाहरण के लिए भारत ने मध्यस्थता संबंधी कुछ विपरीत निर्णयों को मानने से इनकार कर दिया। इसके कारण देवास और केयर्न कंपनियों ने तत्कालीन सरकारी कंपनी एयर इंडिया की विदेशी परिसंपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की। एक अन्य चर्चित विवाद में वोडाफोन द्वारा 2007 में हचीसन से भारतीय मोबाइल सेवा प्रदाता की खरीद करने के बाद पूंजीगत लाभ कर के दावे को लेकर समस्या खड़ी हुई थी। कर कानूनों में अतीत से प्रभावी होने वाले बदलाव करने से हालात और अधिक जटिल हो गए।

आखिरकार आईएसडीएस मध्यस्थता प्रणाली के मेजबान देश के नियमन के बजाय निवेशकों के अनुकूल होने से जुड़ी चिंताओं के कारण भारत ने 2015 के आखिर में मॉडल बीआईटी ढांचे को अपनाया। इसमें विदेशी निवेशकों को भारत के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अपनाने के पूर्व कम से कम पांच साल तक स्थानीय उपायों का पालन करने, लगाए गए किसी भी कराधान उपाय को बाहर रखने तथा सर्वाधिक तरजीही मुल्क (एमएफएन) वाले हिस्से को बाहर रखने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन के आंकड़े दिखाते हैं कि अंतरराष्ट्रीय विवाद निस्तारण के 1,332 ज्ञात मामलों में से 361 सरकारों के पक्ष में गए जबकि 268 फैसले निवेशकों के पक्ष में गए। इससे यह धारणा ध्वस्त हो गई कि आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के मामले सरकार के बजाय निवेशकों के पक्ष में जाते हैं। अतीत में कई देश मॉडल बीआईटी में स्थानीय उपचार प्रावधान समाप्त होने पर असहजता प्रकट कर चुके हैं। मध्यस्थता में विवेक कम करने की कोशिश के कारण मॉडल बीआईटी विदेशी निवेशकों के हितों के बचाव में नाकाम साबित हुई है। सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप हालात को और जटिल बनाते हैं। नीतियों में स्थिरता होनी चाहिए और वे ऐसी होनी चाहिए कि अनुमान लगाया जा सके। बार-बार नीतियों में बदलाव कारोबारी माहौल पर असर डालता है। भारत-यूएई बीआईटी में संशोधित प्रावधानों के कारण निकट भविष्य में भारत के विरुद्ध मध्यस्थता के मामले बढ़ने का जोखिम है लेकिन यह निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करेगा और अन्य देशों के लिए भी ऐसा ही किया जाना चाहिए। इसके अलावा भारत को अपनी न्यायिक व्यवस्था में भी सुधार करने की जरूरत है ताकि विवादों को तेजी से निपटाया जा सके। इससे कुल मिलाकर निवेशकों का भरोसा जीतने और कारोबारी सुगमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।


**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**

**पिन कोड-243601**

*Email- amarbhashkar21@gmail.com*

*Whatsapp. No. 9411214614*


# भारत केंद्रित फंडों से भी निकासी, निवेशकों का चीन पर दांव



भारतीय शेयर बाजार निवेशकों के रुख में बदलाव देख रहे हैं। चीन के शेयरों में 30 प्रतिशत तेजी के बाद निवेशक भारतीय बाजार से ध्यान हटाकर चीन पर दांव लगा रहे हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान यह बड़ा बदलाव हुआ है।

पहले चीन को होने वाले नुकसान का फायदा अक्सर भारत को मिलता था। इलारा कैपिटल के अनुसार भारत केंद्रित फंडों (इंडिया-डेडिकेटेड फंड) से मार्च 2023 के बाद पहली बार निवेशकों ने रकम निकाली है। चीन की तरफ बढ़ते झुकाव के बीच इन फंडों से 24.5 करोड़ डॉलर निकले हैं।

पिछले आठ सप्ताहों के दौरान औसत निवेश 30 करोड़ डॉलर था। मगर अब यह सुस्त होकर पिछले सप्ताह 10.7 करोड़ डॉलर रह गया। भारत केंद्रित फंडों के पास 80 अरब डॉलर से अधिक की परिसंपत्तियां हैं। इसके विपरीत चीन में विदेश से आने वाली रकम में ताबड़तोड़ बढ़ोतरी हुई है।

चीन पर केंद्रित फंडों में इस सप्ताह 9.3 अरब डॉलर का निवेश आया जिससे दो सप्ताहों के दौरान यह बढ़कर 15.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इलारा ने कहा कि हाल में चीन में दनादन निवेश के बाद अगस्त 2023 के बाद वहां से निकली रकम में 45 प्रतिशत हिस्से तक की वापसी हो गई है।

सितंबर 2021 और अगस्त 2024 के दौरान चीन का शांघाई (एसएसई) कंपोजिट इंडेक्स 30 प्रतिशत फिसल चुका था। मगर पिछले एक महीने के दौरान यह सूचकांक 30 प्रतिशत तक सुधर चुका है। हाल में चीन की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए वहां की सरकार ने भारी भरकम राहत प्रोत्साहनों की घोषणा की है। फिलहाल यह बताना मुश्किल है कि तेजी से उभरते बाजारों से चीन में कुल कितनी रकम गई है। हालांकि, इलारा कैपिटल का कहना है कि सेबी के एफपीआई आंकड़े और डॉलर और रुपये की गतिविधियों से तो लग रहा है कि भारत से बड़ी रकम वहां गई है।

सेबी के आंकड़ों के अनुसार इस महीने एफपीआई ने अभी तक भारतीय बाजारों से 5.7 अरब डॉलर रकम की निकासी की है। तेजी से उभरते बाजारों से काफी रकम चीन जा रही है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार अन्य एशियाई बाजारों से रकम का प्रवाह तुलनात्मक रूप से कम रहा है।

शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर की तुलना में कमजोर होकर पहली बार 84 का स्तर पार कर गया। एफपीआई की बिकवाली और रुपये में कमजोरी ऐसे समय दिखी है जब दुनिया में मची उथल-पुथल और अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती से जुड़ी अनिश्चितता बरकरार रहने से विदेशी निवेशक अधिक जोखिम नहीं ले रहे हैं।

जियोजित फाइनैंशियल सर्विसेज में शोध प्रमुख विनोद नायर कहते हैं, 'दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से एफपीआई अब सस्ते बाजारों की तरफ रुख कर रहे हैं। उनके इस कदम से भारतीय बाजार में रकम की कमी हो रही है।' हाल में आई तेजी के बावजूद एसएसई कंपोजिट अब भी अगले एक साल की आय अनुमान के 16 गुना स्तर पर कारोबार कर रहा है।

भारत का निफ्टी 50 अगले एक साल की आय अनुमान के 25 गुना स्तर पर 50 प्रतिशत से अधिक महंगा दिख रहा है। इलारा का मानना है कि चीन में तेजी देसी मझोले और छोटे शेयरों के लिए भी चिंता का कारण है। इलारा ने कहा कि निवेशक 14वें सप्ताह में भारत के मझोले शेयरों से निवेश निकाल चुके हैं और इस सप्ताह भी 6 करोड़ डॉलर की रकम निकली है।

# ट्रैफिकसोल आईपीओ अनियमितता मामले में सेबी का दखल



बाजार नियामक सेबी ने ट्रैफिकसोल आईटीएस टेक्नोलॉजिज की कथित अनियमितता मामले में हस्तक्षेप किया है। कंपनी ने पिछले महीने बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 45 करोड़ रुपये का आईपीओ मसौदा दाखिल किया था। एकतरफा आदेश में नियामक ने कहा है कि वह कंपनी मसौदा दस्तावेज में किए गए खुलासों की विस्तृत जांच करेगा।

बीएसई ने ट्रैफिकसोल की सूचीबद्धता को इश्यू से मिलने वाली रकम के इस्तेमाल और गलत डिस्क्लोजर की शिकायतों के बाद रोक दिया था। सेबी की जांच एक महीने के भीतर पूरी होने की संभावना है। ट्रैफिकसोल के आईपीओ को 345 गुना आवेदन मिले थे। अपने पेशकश दस्तावेज में कंपनी ने खुलासा किया था कि वह थर्ड पार्टी सॉफ्टवेयर वेंडर पर 17.7 करोड़ रुपये का इस्तेमाल करेगी।

सेबी की शुरुआती जांच से पता चलता है कि थर्ड पार्टी वेंडर ने तीन साल से ज्यादा समय से कंपनी मामलों के मंत्रालय के पास वित्तीय विवरण जमा नहीं कराया है और पिछले साल उसने कोई राजस्व अर्जित नहीं किया, जिसका वित्तीय विवरण जमा कराया गया था। इसके अलावा वेंडर के पिछले तीन साल के वित्तीय विवरण पर सूचीबद्धता से कुछ दिन पहले एक ही दिन हस्ताक्षर किए गए थे। वेंडर का पंजीकृत कार्यालय भी बंद था और उसके जीएसटी रिटर्न भी खुलासा किए गए कारोबार से मेल नहीं खाते। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अश्वनी भाटिया ने आदेश में कहा कि इस स्तर पर इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि इस चरण में वेंडर को सॉफ्टवेयर अनुबंध दिए जाने की कोशिश कंपनी की तरफ से निवेशकों को गुमराह करने और आईपीओ की रकम को दूसरी जगह ले जाने की सोची-समझी कोशिश थी। यह वेंडर प्रथम दृष्टया मुखौटा कंपनी मालूम होती है, जिसके पास कंपनी के डीआरएचपी में घोषित सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म विकसित करने का कोई पूर्व अनुभव नहीं है।

कार्रवाई की जरूरत बताते हुए सेबी के आदेश में कहा गया है कि अगर ऐसे आईपीओ को सूचीबद्ध होने की इजाजत मिली तो इससे सूचीबद्ध एसएमई तंत्र में निवेशकों का भरोसा हिल सकता है। नियामक ने मर्चेंट बैंकरों की चूकों की तरफ भी इशारा किया है। निवेशकों ने हालांकि अपनी रकम वापस मांगी है लेकिन सेबी ने बीएसई को निर्देश दिया है कि वह आईपीओ से मिली रकम को अगले आदेश तक ब्याज देने वाले एस्क्रो खाते में रखना सुनिश्चित करे। कंपनी की इन फंडों तक कोई पहुंच नहीं होगी।

## खेल-खिलाड़ी

# सैमसन या वरुण नहीं, 31 साल के इस खिलाड़ी ने जीता प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड




**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश को तीन मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 से हराकर क्लीन स्वीप किया। हैदराबाद में खेले गए तीसरे टी20 में टीम इंडिया ने 133 रन से जीत हासिल की। भारत के लिए संजू सैमसन ने 111 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान सूर्यकुमार ने तूफानी 75 रन बनाए। इसकी बदौलत भारत ने 20 ओवर में छह विकेट पर 297 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी। सैमसन को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। हालांकि, प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड 31 साल के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने जीता। शुक्रवार 11 अक्तूबर को ही हार्दिक ने 31वां जन्मदिन मनाया था। उनके लिए इससे बेहतर गिफ्ट कुछ नहीं हो सकता था। हार्दिक ने भारत के लिए तीनों टी20 मैच खेले और 11 चौके और आठ छक्के की मदद से कुल 118 रन बनाए। वह टी20 सीरीज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 222.64 का रहा। उनसे ऊपर सैमसन रहे। सैमसन ने तीन पारियों में 205.48 के स्ट्राइक रेट से 150 रन बनाए। इस सीरीज में हार्दिक का स्ट्राइक रेट सबसे बेहतरीन रहा। इसके अलावा उनको एक विकेट भी मिला। तीन मैचों में हार्दिक ने सात ओवर गेंदबाजी की और 58 रन खर्च किए। ग्वालियर में खेले गए सीरीज के पहले मैच में हार्दिक ने चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया था। इसके अलावा भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। उन्होंने 16 गेंद में 39 रन की नाबाद पारी खेली थी। दिल्ली में खेले गए दूसरे टी20 में हार्दिक छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए और 19 गेंद में 32 रन की पारी खेली। तीसरे टी20 में हार्दिक ने 18 गेंद में 47 रन की तूफानी पारी खेली। प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतने के बाद हार्दिक ने कोच गौतम गंभीर की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि गंभीर हर खिलाड़ी को खुलकर खेलने की आजादी देते हैं। उन्होंने कहा, 'कप्तान और कोच ने जिस तरह की आजादी दी है, वह पूरे ग्रुप के लिए शानदार है। ऐसा हर खिलाड़ी के लिए है जो टीम में शामिल हैं। यदि आप इसका आनंद ले सकते हैं, तो यह सबसे अच्छा तरीका है जिससे आप इस खेल का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। जब ड्रेसिंग रूम आनंद ले रहा होता है, जब हर कोई हर किसी की सफलता का आनंद ले रहा होता है, तो आप टीम के लिए और ज्यादा से ज्यादा करने का महसूस करते हैं। मुझे लगता है कि इसने बहुत योगदान दिया है।

मेरा शरीर अब अच्छा महसूस कर रहा है। प्रक्रिया जारी है। कुछ भी नहीं बदलता है। कवर पर जब मैंने पंच किया तो वह मेरी पारी का सर्वश्रेष्ठ शॉट है। स्टार ऑलराउंडर न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 अक्तूबर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। वह अगली बार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैचों की टी20 सीरीज में भारत के लिए एक्शन में नजर आएंगे। यह सीरीज आठ नवंबर से डरबन में शुरू होगी। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार ने भी हार्दिक की तारीफ की।

# रवि बिश्नोई टी20 में 50 विकेट लेने वाले सबसे युवा भारतीय



**नई दिल्ली।** भारत ने हैदराबाद में खेले गए तीसरे टी20 में 133 रन से हरा दिया। संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव की शानदार पारियों के बाद रवि बिश्नोई ने भी कहर बरपाया। उन्होंने चार ओवर के अपने कोटे में 30 रन देकर तीन विकेट झटके। बिश्नोई ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो, लिटन दास और रिशाद हुसैन के विकेट झटके। नजमुल ने 14 रन, लिटन ने 25 गेंद में 42 रन बनाए। वहीं, रिशाद को बिश्नोई ने खाता नहीं खोलने दिया। लिटन का विकेट लेते ही बिश्नोई ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 50 विकेट पूरे कर लिए। वह अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ते हुए 50 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। रवि बिश्नोई ने अपने स्पेल की शुरुआत ही विकेट ओवर मेडन के साथ किया था। अपने पहले ही ओवर में उन्होंने शांतो को पवेलियन भेजा। फिर अपने तीसरे ओवर में लिटन और आखिरी ओवर में रिशाद को आउट किया। 50 विकेट पूरे करते वक्त रवि बिश्नोई की उम्र 24 साल और 37 दिन की रही। वहीं, अर्शदीप ने ऐसा 24 साल और 196 दिन की उम्र में किया था। जसप्रीत बुमराह ने ऐसा 25 साल और 80 दिन की उम्र में किया था। इतना ही नहीं रवि बिश्नोई मैचों के हिसाब से अर्शदीप के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे तेज 50 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले गेंदबाज हैं। रवि और अर्शदीप ने संयुक्त रूप से इसके लिए 33-33 मैच लिए हैं। वहीं, युजवेंद्र चहल ने 34 मैच और जसप्रीत बुमराह ने 41 मैच खेलने के बाद 50 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे किए थे। इसके अलावा मयंक यादव ने बांग्लादेश की पारी की पहली ही गेंद पर विकेट लिया। उन्होंने परवेज हुसैन इमोन को रियान पराग के हाथों कैच कराया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में चौथी बार है जब कोई बांग्लादेशी बल्लेबाज पारी की पहली ही गेंद पर आउट हुआ। इससे पहले तमीम इकबाल दो बार और तंजीद हसन एक बार पारी की पहली गेंद पर आउट हो चुके हैं।

इतना ही नहीं मयंक पारी की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले भारत के चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले ऐसा भुवनेश्वर कुमार ने तीन बार और हार्दिक पांड्या-अर्शदीप सिंह ने एक-एक बार ऐसा किया है। मैच की बात करें तो बल्लेबाजों के बाद स्पिनर रवि बिश्नोई की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने हैदराबाद में खेले गए तीसरे टी20 मुकाबले में 133 रनों से हराया। भारत ने इसके साथ ही तीन मैचों की यह सीरीज 3-0 से जीत क्लीन स्वीप किया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन के शतक और कप्तान सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 297 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 164 रन ही बना सका।

भारत के लिए बिश्नोई ने तीन विकेट लिए, जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव को दो विकेट मिले। बांग्लादेश की ओर से तौहीद हृदोय 42 गेंदों पर 63 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में भी 2-0 से क्लीन स्वीप किया था और अब टी20 सीरीज में भी सूपड़ा साफ करने में सफल रहे। भारत ने इस मैच में अपने टी20 इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था।

# दगाबाज दोस्त, हादसे के बाद जिगरी यार को गड्ढे में छोड़कर भागा




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले के बिलारी थाना इलाके में जरगांव मार्ग पर शुक्रवार रात बाइक सवार दो दोस्तों को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठा युवक राजेंद्र सिंह (23) सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया। उसका दोस्त संजय कुमार उसे छोड़कर भाग गया और घायल अवस्था में वह आठ घंटे से ज्यादा समय तक वहीं पड़ा रहा। शनिवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोस्त के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हादसे में लगी चोटों के कारण अत्यधिक खून बहने से मौत की पुष्टि हुई है।

कुंदरकी क्षेत्र के रामपुर मैंगन निवासी संजय कुमार ने बिलारी थाने में दर्ज कराए केस में बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे उसके भाई राजेंद्र सिंह को गांव निवासी विजय सिंह घर से बुलाकर ले गया था। बिलारी से सात किमी आगे खोखड़ा गांव के पास उसके भाई को मार डाला और फिर विजय सिंह फरार हो गया।

पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि राजेंद्र सिंह और विजय सिंह के बीच दोस्ती थी। सोनकपुर में विजय सिंह की रिश्तेदारी में शुक्रवार रात शादी थी। दोनों शादी में शामिल होने जा रहे थे। शुक्रवार रात लगभग साढ़े नौ बजे बिलारी से जरगांव को जाने वाली सड़क पर खोखड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में पीछे बैठा राजेंद्र गंभीर घायल हो गया। इसके बाद विजय सिंह वहां से चला गया। राजेंद्र कई घंटे तक सड़क किनारे गड्ढे में पड़ा रहा। शनिवार सुबह करीब छह बजे राहगीरों की सूचना पर 112 पर तैनात पुलिसकर्मी वाहन से राजेंद्र सिंह को सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया

# प्रेमी युगल ने पुलिस के डर से खाया जहर, दोनों की हालत नाजुक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पुलिस की गिरफ्तारी के डर से मूंडापांडे थाना क्षेत्र के नाजरपुर स्थित अमरूद के बाग में प्रेमी युगल ने जहर खा लिया। पुलिस ने दोनों को बेहोशी की हालत में टीएमयू स्थित अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रेमी के खिलाफयुवती के अपहरण का केस दर्ज था।

रामपुर जिले के भोट थाना क्षेत्र के इंदिरा गांव का रहनेवाला खेमकरन (24) पुत्र भोले सिंह गांव की ही एक नाबालिग लड़की से प्यार करता है। परिजनों ने खेमपाल की शादी कहीं और करा दी। इसके बाद वह अंतरजातीय नाबालिग लड़की के संपर्क में रहा।

30 सितंबर को दोनों ने गांव से भागकर शादी करने का फैसला किया। बेटी के गायब होने के बाद पिता ने प्रेमी खेमपाल, उसके भाइयों, पिता और मां के खिलाफ बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके बाद पुलिस दोनों की तलाश में जुट गई।

इधर प्रेमी युगल शनिवार की रात छिपने के लिए नाजरपुर स्थित अमरूद के बाग में आए। दोनों ने बाग में बनी एक कोठरी में जहर खा लिया। सुबह बाग के स्वामी ने दोनों को बेहोश देखकर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को टीएमयू में भर्ती कराया। दोनों की हालत नाजुक बतायी जा रही है। पुलिस की पूछताछ से पता चला कि प्रेमी लोधी राजपूत और लड़की सैनी जाति की बतायी जा रही है। दोनों परिवार शादी के खिलाफ हैं।

# नाटक लेखन की एक स्वलिखित पुस्तक श्राम का अंतन्द्वन्द्व का विमोचन किया गया



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** सीता रोड स्थित साहू झुन्नीलाल धर्मशाला मे मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह,कला भारती के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ संजीव आकांक्षी,डॉ बृजपाल सिंह यादव, डॉ सुनीत गिरिपूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह पप्पू चौधरी ने संयुक्त रूप से संस्कार भारती के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एवम प्रवक्ता डॉ राजीव लोचन शर्मा द्वारा लिखित नाटक लेखन श्राम का अंतद्वंद्व का विमोचन किया गया। पुस्तक में लिखित दो नाटकों का मंचन बड़ी ही सुंदर एवम मनमोहक प्रस्तुति के साथ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ दानवीर यादव ने तथा संचालन प्रवक्ता शरद शर्मा ने किया। इस दौरान पुष्पेश मिश्रा, अधीर आदि प्रबुद उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण त्यागी सभा के पदाधिकारी ने की बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** ग्राम पंचायत इनायतपुर में विशोक त्यागी के आवास पर अखिल भारतीय ब्राह्मण त्यागी समाज सभा के पदाधिकारी ने एक बैठक आयोजित की जिसमें त्यागी ब्राह्मण समाज के युवक युवती विवाह के राष्ट्रीय परिचय सम्मेलन जो की 22 दिसंबर दिन रविवार को प्रात: 10 बजे से सोना पैलेस राजनगर सब स्टेशन गाजियाबाद में होने जा रहा है। इसके संबंध में वीरेंद्र त्यागी संरक्षक ने बताया कि यह परिचय सम्मेलन विवाह के योग्य युवक युवती परिचय के लिए आयोजित किया जा रहा है जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 तक अपने आवेदन भर कर जमा कर दें बैठक का संचालन करते हुए,

राजीव त्यागी ने बताया कि इसमें तलाकशुदा व विदुर विधवा भी आवेदन कर सकते हैं बैठक में पुनीत त्यागी अनिल त्यागी मुकेश त्यागी डॉक्टर विशोक त्यागी एडवोकेट विनोद त्यागी मनोज त्यागी आर्य त्यागी भोला सिंह त्यागी आयुष्मान त्यागी अवधेश त्यागी ऋतिक त्यागी सौरभ त्यागी कपिल त्यागी अंकित त्यागी सुरेश त्यागी अरविंद त्यागी तथा अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवक संघ ने स्थापना दिवस पर निकला पद संचलन

**संभल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस पर संभल में पद संचलन निकाला जिसमें पद संचलन का शुभारंभ प्रेम शंकर वाटिका से प्रारंभ होकर बरेली सराय से होते हुए यशोदा चौराहा चंदौसी चौराहा से होकर शंकर चौराहा तहसील रोड मोहल्ला ठेर बाजार गंज से मुड़कर तेल मंडी से सुनारों वाली गली से घंटाघर डाकखाना रोड हरिहर मंदिर से होते हुए पंजाबी मंदिर से होकर चौधरी सराय चौराहा चौधरी चरण सिंह पार्क दुर्गा कॉलोनी माधव पार्क में समापन हुआ जिसमें विचार व्यक्त करते हुए बताया कि हिंदू संस्कृति तथा हिंदू परंपराओं एवं भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए,

विजयदशमी का महत्व बताया की सामाजिक समस्या पर्यावरण नागरिक कर्तव्य स्वदेशी कुटुंब प्रबोधन पर समाज को जागरूकता दी और हिंदू समाज को संगठित करने का आवाहन किया इस दौरान शरद छत्रपाल राजुल गुप्ता टिंकू सागर गोपीचंद राहुल दीक्षित काजू रस्तोगी मनोज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### बदरीनाथ हाईवे पर हुआ भीषण हादसा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**देहरादून।** ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे पर रविवार को हादसा हो गया। तोता घाटी के समीप एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। पिकअप में 13 लोग सवार थे। हादसा होते ही चीख पुकार मच गई। हादसे में सभी यात्री घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। यहां से पांच लोगों को गंभीर हालत देखते हुए एम्स रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, सभी लोग मुजफ्फरनगर निवासी हैं। ये श्रीनगर से मुजफ्फरनगर वापस जा रहे थे। सभी लोग हवाई निर्माण का काम करते थे। तोताघाटी में उनका वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और हादसे का शिकार हो गया।

### वन विभाग को लगातार छका रहा तेंदुआ



**अमरोहा।** जिले में तेंदुआ अब हिंसक होने लगा है। जिससे लोगों में दहशत बढ़ रही है। नौगांवा सादात क्षेत्र में तेंदुए द्वारा हमला करने के दो मामले होने के बाद वन विभाग भी सतर्कता बरत रहा है। हालांकि, चिंता का विषय यह है कि छह जगह पर विभाग द्वारा पिंजरे लगाने के बाद भी तेंदुआ कैद नहीं हो पाया है। माना जा रहा है कि इसकी वजह यह है कि तेंदुआ लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा है। जिले में हर दिन तेंदुए का आतंक बढ़ रहा है। लोगों का लगातार तेंदुए सामान हो रहा है, तो अब वह हमलावर भी हो गया है। बीते महीने गजरौला के खजूरी के प्राइमरी स्कूल में तेंदुआ पहुंच गया था।

जिसके बाद वन विभाग की टीम ने डेरा डालने के साथ पिंजरा भी लगा दिया। तेंदुए आसानी से पिंजरे में कैद हो जाए, इसके लिए बकरा भी बांधा था, लेकिन कई दिन बाद भी तेंदुआ उसमें नहीं फंसा। वन विभाग के अधिकारियों का कहना था कि पिंजरे के आसपास तेंदुए के पंजे के निशान तो पाए गए, लेकिन वह पिंजरे में नहीं फंसा। उसके बाद नौगांवा सादात क्षेत्र में भी जैकेट कारीगर पर हमला करने के बाद पिंजरा लगाया गया, लेकिन तेंदुआ कैद नहीं हो सका।इससे पूर्व रजबपुर, डिडौली व अमरोहा देहात में जगह-जगह पिंजरे लगे, लेकिन विभाग को निराशा ही हाथ लगी। अब नौगांवा तगा क्षेत्र में पंचायत सहायक सुधांशु पर तेंदुए के हमले के बाद शुक्रवार को खेतों की ओर पिंजरा लगाया गया। यही नहीं उसमें बकरी भी बांधी गई, लेकिन फिर से तेंदुआ उसमें नहीं फंसा। अधिकारियों का मानना है कि तेंदुआ एक जगह नहीं रुका रहा है। वह बार-बार लोकेशन बदल रहा है। तेंदुआ काफी चालाक जानवर है। आमतौर पर वह पिंजरे में आसानी से कैद नहीं हो पाता है। यही स्थिति जिले में सामने आ रही है। पिछले कुछ माह में छह से सात जगह पिंजरे लगाए गए। लेकिन, खाली ही रहे।

# सदस्यता अभियान चलाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** ग्राम रुकन्दीन सराय ग्राम भारतल सिरसी में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सदस्यता अभियान 2024 के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी सय्यद शान अली ने सदस्यता कराई और केंद्र सरकार प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे मैं विस्तार से बताया गया मोदी और योगी बिना भेदभाव के सभी धर्मो जातियों का लाभ देने का काम कर रहे है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास जो नारा है वो सच सबित हो रहा है जिसमे डॉक्टर जुबेर सलमानी शाहिद सैफी अदनान सलमानी अफ्जल सैफी शेख आरिफ अली शकिलूरहमन मलिक भाजपा नीति प्रचार सेवक संघ प्रदेश मंत्री आदि कर्यकर्ता साथ रहे आदि कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# समाजसेवियों ने चलाया जल बचाओ जागरूकता अभियान




**संभल।** तहसील क्षेत्र के गांव एचवाड़ा डिंगर में अधिवक्ता व समाजसेवी चौ रविराज चाहल द्वारा चलाए जा रहे ष्जल बचाओ जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गांव के गली व मोहल्लो में घूम घूम कर ग्रामीणों को जल बचाने हेतु जागृत किया गया और ग्रामीणों को जल बचाव के महत्व को बताया ग्रामीणों को जल की बर्बादी से होने वाले हानि के बारे में भी बताया गया।

इस दौरान बोलते हुए समाजसेवी व अधिवक्ता चौ रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि जल ही जीवन है जल बिन सब सुन है बिना जल के जीवन असंभव है जल नहीं होगा तो समस्त वनस्पति नष्ट हो जाएंगे और प्राणियों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। इसलिए जल बचाव हेतु जल संचय अवश्य करें। जल की एक-एक बूंद अमूल्य है समरसेबल आदि का पानी अनावश्यक नहीं बहाये। जल बचाव अवश्य करें। आगे बोलते हुए चमन सिंह ने कहां की हम समस्त ग्राम वासियों को जल की बर्बादी रोकने हेतु जागृत होने की आवश्यकता है आवश्यकता अनुसार ही जल उपयोग में लाएं। आगे बोलते हुए संजीव शर्मा ने कहा कि यदि हम अभी जागृत नहीं हुए तो हमारे आने वाली पीढियां का जीवन खतरे में पड़ जाएगा इसलिए हमें अभी से जागृत होने की आवश्यकता है जल की एक-एक बूद अमूल्य है।

अंत में बोलते हुए खजान सिंह ने कहा कि हम सब ग्राम वासियों को आज से ही यह प्रण लेना है कि हम अनावश्यक जल की बर्बादी नहीं करेंगे और अपने पड़ोसियों को भी जल बचाव हेतु जागृत करेंगे।

इस दौरान चौ रविराज चाहल, चमन सिंह, खजान सिंह, धीरज चौधरी, संजीव शर्मा, खचेडू सिंह, राकेश कुमार, डॉक्टर रोहित कुमार, सुभाष कश्यप, खिलेन्द्र चाहल, कोमल चौधरी, नरेश कुमार, बलजीत सिंह,नेमपाल सिंह, संदीप भारद्वाज आदि रहे।

# अभिनंदन समारोह में बोले- प्रदेश में नहीं चलने देंगे थूक जिहाद



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**उत्तराखंड।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज किच्छा पहुंचे। यहां उन्होंने पहले खुरपिया फॉर्म में निर्माणाधीन एम्स के कार्यों का किया निरीक्षण। इसके बाद वह नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश में थूक जिहाद नहीं चलेगा। ऐसे लोगों के लिए समाज को आगे आने की जरूरत है। ऐसे लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लैंड माफिया पर कड़ी कार्यवाई कर रहे हैं।

वहीं, उन्होंने यूसीसी पर कहा कि यह हम पक्षपात नहीं समानता के लिए लागू करने जा रहे हैं। सीएम ने पंतनगर में डा. आंबेडकर पार्क में आंबेडकर की आदमकद मूर्ति लगाने, अटरिया रोड का बचा निर्माण पूरा करने, बड़िया में आपदा में बहे पुल का निर्माण करने और दरऊ पर पार्क और तालाब का सुंदरीकरण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उद्योगों में स्थानीय युवाओं को 70 फीसदी रोजगार दिलाने की दिशा में काम करेंगे। पंतनगर में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने वाला है। किच्छा में एम्स 2025 में शुरू होने जा रहा है।

# फर्जी तरीके से चल रहा न्यू हेल्थ केयर सेंटर स्वास्थ्य विभाग मौन




**मुरादाबाद।** थाना मैनाठेर क्षेत्र की नगर पंचायत में फर्जी तरीके से न्यू हेल्थ केयर सेंटर नाम से हॉस्पिटल चल रहा है और स्वास्थ्य विभाग मौन बैठा हुआ है जिसमें एक डॉक्टर मरियम नामक बिना डिग्री के धड़ल्ले से मरीजों का इलाज कर रही है और अस्पताल पर एक बड़ी फ्लेक्सी लगा रखी है जिससे कि कोई यह न समझ पाए कि यह डॉक्टर फर्जी है और क्षेत्र के भोले भाले मरीजों को गुमराह कर जमकर लुटाई कर रही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस अस्पताल में भ्रूण हत्याएं भी जमकर की जा रही हैं जिसकी शिकायत नगर वासियों द्वारा कई बार की गई है लेकिन अपनी दबंगई के चलते कार्य को अंजाम दे रही है आपको बता दें कि सोचने वाली बात तो यह है की स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर में छापेमारी की गई लेकिन न्यू हेल्थ केयर सेंटर पर कोई छापेमारी नहीं की गई जिससे साफ जाहिर होता है कि या तो डॉक्टर मरियम की शासन तक लंबी पहुंच है जो कि स्वास्थ्य विभाग कार्यवाही न कर पा रहा है या फिर स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत है जिसमें डॉक्टर मरियम बिना किसी डरखौफ के लाल पीले इंजेक्शन लगाकर कार्य को अंजाम दे रही है।

# कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पर रंगदारी का मुकदमा दर्ज

**सम्भल।** सदर कोतवाली सम्भल में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पर रंगदारी मांगने एवं धमकाने के आरोप में मुदमा दर्ज हुआ है।

क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर टांडा निवासी देशराज सिंह ने पुलिस को तहरीर दी थी कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शर्मा व उसके साथियों द्वारा मकान की बाउंड्री वाल का निर्माण नहीं होने देने के धमकी दी जा रही है और पांच लाख रूपये की रंगदारी मांगी जा रही है। जिस पर कोतवाली पुलिस ने कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष सम्भल विजय शर्मा सहित तीन आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किोया है।

# समिति के बीस लोगों को कराई गई सदस्यता ग्रहण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** विकास दिव्यांग सेवा समिति के कार्यालय संभल जामा मस्जिद पुराना डाकखाने के पास एक बैठक की गई जिसमें संगठन को मजबूती से खड़ा करने को लेकर चर्चा की गई जिसमें राष्ट्रीय संगठन प्रभारी इसरार मलिक जी के आदेश द्वारा समिति की महिला अध्यक्ष फरहत खलील के द्वारा सदस्य अभियान चलाया गया जिसमें कई लोगों को समिति का पदाधिकारी मनोनीत किया गया और 20 लोगों को समिति की सदस्यता ग्रहण कराई गई जिसमें फरात खलील ने बताया कि हम अपने संगठन को मजबूत करेंगे और दिव्यांगों तथा वृद्ध विधवाओं के और मजलूमों और वे सहाराओं के अधिकारों को दिलाने का काम करेंगे इसे के साथ समिति की अध्यक्ष द्वारा सनहा को महिला मोर्चा संभल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया और पिंकी सैनी को जिला उपाध्यक्ष अब्दुल मलिक को नगर अध्यक्ष मोहम्मद सरफराज जरूरी सदस्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# रुड़की में छावनी के पास रेलवे ट्रैक पर मिला गैस सिलिंडर



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**उत्तराखंड।** जिले में लक्सर-रुड़की रेलवे ट्रैक पर ढंडेरा क्षेत्र में छावनी के पास भूछड़ी रेलवे से करीब 300 मीटर आगे शनिवार को सुबह पौने सात बजे तीन किलो का एक खाली गैस सिलिंडर मिलने से हड़कंप मच गया। ढंडेरा स्टेशन मास्टर ने सिलिंडर को कब्जे में ले लिया, जबकि जीआरपी और कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सुबह बीसीएन मालगाड़ी के ड्राइवर ने रेलवे सुरक्षा बल को सूचना दी कि ट्रैक पर एक सिलिंडर पड़ा है। सुरक्षा बल पोस्ट लक्सर के एसआई नरेंद्र सिंह नेगी और रुड़की के एएसआई बसंत लाल मौके पर पहुंचे। ट्रैक पर किमी 1553/1 अप लाइन के बीच तीन किलो का एक सिलिंडर पड़ा था

रेलवे अफसरों के मुताबिक, जिस जगह पर गैस सिलिंडर मिला, वहां पर रेलवे पटरी के एक ओर सैन्य एरिया की दीवार है। मौके पर पहुंची रेलवे की टीम के कर्मी ने सिलिंडर उठाया तो वह खाली था, जिसे स्टेशन मास्टर ढंडेरा ने अपनी सुपुर्दगी में रख लिया।

रुड़की रेलवे स्टेशन कई मायनों में उत्तराखंड के लिए अहम है। रुड़की रेलवे स्टेशन पर 80 से अधिक ट्रेनों का स्टॉपेज है। रुड़की रेलवे स्टेशन अति संवेदनशील श्रेणी में आता है।

पूर्व में भी इसे उड़ाने की धमकी भरे पत्र मिल चुके हैं। अब रुड़की रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर खाली गैस सिलिंडर मिलने से तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। चर्चा है कि यह कोई बड़ी साजिश भी हो सकती है।

जीआरपी के अधिकारी साजिश से इनकार कर रहे हैं और मामले की गंभीरता से जांच करने की भी बात कर रहे हैं। इसके अलावा रुड़की रेलवे स्टेशन की अहमियत इसलिए भी जरूरी मानी जाती है कि विश्व प्रसिद्ध आईआईटी कॉलेज, बीईजी सेंटर और विश्व प्रसिद्ध दरगाह पिरान कलियर में आने वाले लोग ट्रेनों से रुड़की रेलवे स्टेशन पर पहुंचते हैं। इसके अलावा कुंभ में भी रुड़की रेलवे स्टेशन की अहम भूमिका रहती है।

# उपद्रवियों ने पंडालों पर किया हमला

**ढाका। बांग्लादेश** में हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। हालात ये हैं कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोग शांति से दुर्गा पूजा उत्सव भी नहीं मना पाए और दुर्गा पूजा पंडालों को कट्टरपंथियों द्वारा निशाना बनाने की 35 घटनाएं हुईं। पुलिस ने बताया कि नवरात्रि उत्सव के दौरान बीते एक महीने में पूरे देश में दुर्गा पूजा पंडालों में 35 अप्रिय घटनाएं हुई हैं।



गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले ही बांग्लादेश के प्रसिद्ध जेशोरेश्वरी मंदिर में मां काली का मुकुट चोरी होने की घटना घटी थी। यह मुकुट प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2021 में बांग्लादेश दौरे पर मां काली की प्रतिमा को भेंट किया था। ढाका के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मोहम्मद मोइनुल इस्लाम ने बताया कि 1 अक्तूबर के बाद से दुर्गा पूजा पंडालों में 35 अप्रिय घटनाएं दर्ज हुई हैं। इन मामलों में 11 एफआईआर दर्ज हुई हैं और 24 मामले जनरल डायरी में दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। आईजीपी इस्लाम ने आश्वासन दिया कि पुलिस के पास घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों का रिकॉर्ड है और कहा कि इन घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कानून के मुताबिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले गुरुवार को ढाका से लगभग 250 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में चटगांव के जत्रा मोहन सेन हॉल में दुर्गा पूजा मंडप के मंच पर आधा दर्जन लोगों ने इस्लामी क्रांति का आह्वान करते हुए एक गीत गाया, जिससे व्यापक आक्रोश फैल गया।

सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर खूब चर्चा हुई और बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की गई। इस घटना को लेकर आईजीपी ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। इस बीच, सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संगबाद संघ ने कहा कि तीनों सेनाओं के प्रमुख सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमा, नौसेना प्रमुख एडमिरल एम नजमुल हसन और वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल हसन महमूद खान ने शुक्रवार को ढाका में रमना काली मंदिर का दौरा किया।

युवा और खेल सलाहकार आसिफ महमूद सजीब भुइयां ने शुक्रवार को खुलना में गल्लामारी हरिचंद टैगोर मंदिर और बागमारा गोविंदा मंदिर में दुर्गा पूजा पूजा मंडपों में हिंदू समुदाय के सदस्यों के साथ शुभकामनाएं साझा कीं। रविवार को मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस राष्ट्रीय राजधानी के मध्य में स्थित प्रमुख शक्तिपीठों में से एक, सदियों पुराने ढाकेश्वरी राष्ट्रीय मंदिर का दौरा करेंगे। पिछले महीने की शुरुआत में, दुर्गा पूजा समारोह से कुछ सप्ताह पहले इस्लामी समूहों की धमकियों के मद्देनजर पूजा स्थलों को निशाना बनाने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

## कनाडा में यहूदी स्कूल में गोलीबारी

**ओटावा।** कनाडा में यहूदी स्कूल में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है। जानकारी के मुताबिक, टोरंटो में एक यहूदी स्कूल में शनिवार को फायरिंग की गई। यह इस साल यहूदी स्कूल में दूसरी गोलीबारी की घटना है। बता दें कि कनाडा में गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से ही यहूदी विरोधी हमलों में तेजी देखी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, बैस चाया मुश्का गर्ल्स स्कूल में सुबह एक वाहन से गोलीबारी की गई।

गनीमत रही कि गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। इस दौरान स्कूल की खिड़कियों के शीशे टूट गए। टोरंटो के नॉर्थ यॉर्क इलाके में स्थित स्कूल को मई में इसी तरह की घटना में निशाना बनाया गया था। पुलिस का मानना है कि दोनों गोलीबारी की घटना के तार आपस में जुड़े हुए हैं। घटना पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि वह इस घटना से बहुत परेशान हैं।

# इस्राइली सेना के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन

**जेरुशलम।** इस्राइल-हमास संघर्ष बीते साल सात अक्तूबर को शुरू हुआ था। एक साल से अधिक समय बीतने के बाद दोनों पक्षों के हिंसक संघर्ष में 42 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इस्राइल पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत हमास ने कई नागरिकों को बंधक बना रखा है। ताजा घटनाक्रम में तेल अवीव स्थित इस्राइली डिफेंस फोर्स के मुख्यालय प्रदर्शन किया गया।



प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बंधकों को तत्काल रिहा करने की मांग की। इस्राइल की धरती पर जमीनी हकीकत का जायजा लेने पहुंचे अमर उजाला संवाददाता आशीष तिवारी ने स्थानीय लोगों से बात भी की। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन कर रहे लोग 25 घंटे के बाद सड़क पर उतरे हैं। आक्रोशित लोगों की मांग है कि एक साल से अधिक समय से हमास के चंगुल में फंसे बंधकों को तत्काल रिहा कराने के लिए इस्राइली सेना और सरकार को तत्काल सभी जरूरी उपाय करने चाहिए। मुख्यालय के बाहर हजारों की संख्या जमा लोगों ने बंधकों को रिहा कराने की मांग के साथ देशभर में प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि धार्मिक रूप से अहम यौम किप्पुर के कारण बीते 25 घंटे से प्रदर्शन नहीं किए गए, लेकिन अब एक बार फिर जनता सड़कों पर उतर आई है। बंधकों की सकुशल रिहाई होने तक प्रदर्शन जारी रहेगा।गौरतलब है कि एक साल पहले सात अक्तूबर को हमास की बर्बरता की शुरुआत के बाद से ही इस्राइल में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है।

स्थानीय निवासियों को भी तलाशी के बाद ही शहर में प्रवेश मिल पाता है। सेडरट और रीम इलाके में स्थानीय लोगों की गाड़ियों से ज्यादा सुरक्षा एजेंसियों की गाड़ियां ही नजर आईं। सुरक्षा के इंतजामों के हालात यह है कि शहर में घुसने से पहले ही आपको अपनी पूरी तलाशी देनी पड़ती है। इसके अलावा कदम कदम पर सुरक्षा के लिए इस्राइल डिफेंस फोर्स के अधिकारी और जवान मुस्तैद रहते हैं। इस पूरे इलाके के ज्यादातर कस्बों में घूमने के दौरान लोगों ने बताया पिछले साल हमास के हुए हमले के बाद सुरक्षा के इतने कड़े बंदोबस्त हैं कि स्थानीय निवासी भी अब सामान्य पूछताछ और तलाशी के बाद ही शहर में नहीं घुस पाते हैं।

# एयरपोर्ट पर पुलिस कर्मियों से भिड़ी महिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया में स्थित एयरपोर्ट पर एक महिला एयरपोर्ट पर मौजूद पुलिसकर्मियों से भिड़ गई। महिला ने पुलिसकर्मियों को जान से मारने की धमकी दी। इसके चलते कुछ देर एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी के हालात रहे। हालांकि आखिरकार पुलिस ने महिला को काबू कर हिरासत में ले लिया। पुलिस महिला से पूछताछ में जुटी है, लेकिन अभी तक इसकी जानकारी सामने नहीं आई है कि महिला ने ऐसा क्यों किया।



महिला जॉर्जिया के सवाना हिल्टन हेड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर थी और डेल्टा एयर लाइंस की फ्लाइट में सफर करने वाली थी। महिला जैसे ही चेक इन काउंटर पर पहुंची तो वह चेक इन काउंटर के पीछे कूद गई और वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को धमकाने लगी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि महिला पीले रंग का स्वेटर पहने हुए है और वह जोर जोर से चीख रही है। इस पर पुलिसकर्मियों ने महिला को समझाने की कोशिश की तो महिला ने कहा कि मेरे पास मत आओ और बार-बार पुलिस कर्मियों को दूर रहने के लिए कहती रही। जब पुलिसकर्मियों ने महिला को पकड़ने की कोशिश की तो महिला ने पुलिस कर्मियों को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि मैं तुम्हें मार दूंगीश। इसके बाद महिला ने इधर-उधर भागना शुरू कर दिया, जिससे एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान महिला को पकड़ने के चक्कर में पुलिसकर्मी गिर भी पड़े। आखिरकार पुलिस ने महिला को पकड़ लिया। अभी तक महिला की इस हरकत की वजह पता नहीं चली है। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है।

## वैश्विक भूख सूचकांक में भारत का 105वां स्थान

**नई दिल्ली।** वैश्विक भूख सूचकांक में भारत इस बार 127 देशों की सूची में 105वें स्थान आ गया है। पिछले वर्ष 125 देशों में भारत 111वें नंबर पर था और उससे पहले 107वें स्थान पर। यानी इस बार स्थिति में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन 27.3 अंक के साथ भारत अभी भी गंभीर भूख की समस्याओं वाले 42 देशों में बना हुआ है। इस सूची में चीन, यूएई और कुवैत समेत 22 देश पहले नंबर पर हैं। जीएचआई बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है। जिस देश का स्कोर जितना कम होगा यानी वहां वहां के लोग उतने कम भूखे हैं। इस रिपोर्ट को आयरलैंड की संस्था कंसर्न वर्ल्डवाइड और वर्ल्ड हंगर हेल्प मिलकर प्रकाशित करते हैं। जीएचआई की 19वीं रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अपने पड़ोसी देशों श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश से पीछे हैं।

# अंतर संसदीय महासभा की तैयारियां जोरों पर

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अगले हफ्ते जिनेवा में होने वाली 149वीं अंतर-संसदीय संघ महासभा में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। बिरला के साथ राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश व संसद के दोनों सदनों के अन्य सदस्य भी होंगे। सोमवार को बिरला जिनेवा में भारतीय प्रवासियों को भी संबोधित करेंगे। बिरला महासभा को एक अधिक शांतिपूर्ण और टिकाऊ भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग विषय पर संबोधित करेंगे।



वे संगठन की सर्वोच्च निर्णायक इकाई, आईपीयू की गवर्निंग काउंसिल की बैठकों में भी भाग लेंगे। आईपीयू में 180 सदस्य संसद व 15 सहयोगी सदस्य शामिल हैं, जो चीन, भारत, इंडोनेशिया, केप वर्दे, सैन मैरिनो व पलाऊ जैसे कई देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं। रूसी प्रांत चेचन्या की राजधानी ग्रोज्नी में एक ईंधन केंद्र में शनिवार को हुए धमाके में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि ईंधन केंद्र में धमाके के बाद आग फैल गई, जिसमें पांच अन्य लोग झुलस गए। चेचन्या के नेता रमजान कादीरोव ने एक बयान में कहा कि वह मामले की निगरानी कर रहे हैं। दक्षिण सूडान के विवादित क्षेत्र अबेई में संयुक्त राष्ट्र के अंतरिम सुरक्षा बल के तहत भारतीय सैनिकों ने ग्रामीण महिलाओं को गर्भावस्था देखभाल के बारे में जागरूक किया।

कैप्टन जसप्रीत कौर व मेजर अभिजीत एस के नेतृत्व में 33 महिलाओं को स्वस्थ गर्भावस्था के लिए अहम सुझाव दिए गए। उन्होंने भारतीय सैनिकों की सराहना की व आगे भी ऐसे सत्रों की मांग की, क्योंकि उन्होंने बहुत कुछ नया सीखा। शांति का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले समूह के नेताओं ने शनिवार को परमाणु युद्ध के बढ़ते खतरे के प्रति आगाह किया और परमाणु हथियारों को नष्ट करने की अपील दोहराई। 1945 में हिरोशिमा व नागासाकी पर अमेरिकी परमाणु हमले में जीवित बचे तथा निहोन हिदांक्यो समूह के सह-प्रमुख शिगेमित्सू तानाका ने कहा, अतंरराष्ट्रीय स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। युद्ध हो रहे हैं। देश परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दे रहे हैं। मुझे डर है कि हम मानवजाति आत्मविनाश के रास्ते पर हैं। इसे रोकने का एकमात्र उपाय परमाणु हथियारों को खत्म करना है। परमाणु हमले में जीवित बचे लोगों को पुरस्कृत करते हुए नॉर्वे की नोबेल समिति ने ऐलान किया।

# दोबारा खोले जाएंगे हाई-प्रोफाइल मामले

**कोलंबो।** श्रीलंका की नई सरकार अब कुछ पुराने हाई-प्रोफाइल मामलों को लेकर सख्त होती हुई दिख रही है। दिसानायके सरकार ने पुलिस को एक बार फिर इन मामलों की जांच करने के आदेश दिए है। इन मामलों में सबसे प्रमुख रूप से 2019 ईस्टर संडे आतंकी हमले और 2005 में तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के पत्रकार की हत्या शामिल है।



बता दें कि पिछले महीने राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाली सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर ने पिछले मामलों की फिर से जांच करने का वादा किया था। श्रीलंकाई सरकार के इस आदेश के बाद पुलिस प्रवक्ता निहाल थलदुवा ने शनिवार को जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रालय ने कार्यवाहक पुलिस प्रमुख से कहा है कि इन मामलों की फिर से जांच की जानी चाहिए। जिन मामलों की फिर से जांच की जानी है, उनमें 2015 में सेंट्रल बैंक बॉन्ड जारी करने में कथित घोटाला शामिल है, जिसके लिए तत्कालीन राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की सरकार को दोषी ठहराया गया था, और 2019 ईस्टर संडे आतंकी हमले जिसमें 11 भारतीयों सहित 270 से अधिक लोग मारे गए थे। इसके साथ ही पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि कैथोलिक चर्च ने उन हमलों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है, जिनका आरोप है कि पिछली सरकारों ने राजनीतिक रूप से प्रेरित कवर-अप किया था। जिन अन्य मामलों की जांच की जानी है। इसमें 2005 में तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के पत्रकार डी शिवराम की हत्या और 2006 में एक तमिल अल्पसंख्यक शिक्षाविद का अपहरण और लापता होना शामिल है, जो उस समय पूर्वी विश्वविद्यालय का प्रमुख था। उत्तरी राजधानी जाफना में 2011 में दो राजनीतिक पार्टी कार्यकर्ताओं का लापता होना भी सूची में है।

अमेरिकी छात्रा के लिए भगवान बने कतर एयरवेज के सीईओय मुसीबत में की ऐसी मदद कि अब हो रही हर ओर तारीफ कभी-कभी जब आप मुसीबत में फंसे हों और कोई ऐसा व्यक्ति आपकी मदद कर दे जिसे आप जानते भी न हों तो वो भगवान से कम नहीं होता। ऐसा ही कुछ अमेरिका की एक छात्रा के साथ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुआ।

## मेक इन इंडिया के लिए फ्रांस प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** फ्रांस ने रक्षा क्षेत्र में भारत की मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। नौसैनिक प्रदर्शनी आयोजक यूरोनेवल के प्रबंध निदेशक ह्यूग्स डु प्लेसिस डी अर्जेंट्रे ने कहा कि भारत उसका सबसे अच्छा ग्राहक है और वह अपनी रक्षा संबंधी जरूरतों पर काम जारी रखेगा। फ्रांस में 2024 रक्षा प्रदर्शनी के दौरान उन्होंने नौसेना रक्षा में दोनों देशों के बीच लंबे समय से जारी सहयोग पर जोर दिया। डी अर्जेंट्रे ने दोनों देशों के बीच 70 वर्षों के सहयोग का जिक्र कर कहा कि फ्रांस ने भारत में 20 कारखाने स्थापित करने में मदद की है और आपस में रक्षा सहयोग करते रहे हैं। भविष्य के सहयोग पर ह्यूग्स डु प्लेसिस डी अर्जेंट्रे ने कहा, फ्रांसीसी कंपनियां भारतीय रक्षा कंपनियों के साथ सहयोग करती हैं।

# देखभाल न मिलने के कारण हुई साईंबाबा की मौत


**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा का हैदराबाद में निधन हो गया। अब उनकी मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। एक गैर सरकारी संगठन नेशनल प्लेटफार्म फॉर द राइट्स ऑफ द डिसेबल्ड ने दावा किया है कि लंबे समय तक कारावास और अपर्याप्त चिकित्सा देखभाल के कारण साईबाबा की बीमारियां बढ़ गईं थी।



जिसके चलते उनकी असामयिक मृत्यु हो गई। बता दें कि इस साल मार्च में बॉम्बे हाईकोर्ट ने साईबाबा को माओवादी संबंधों को लेकर यूएपीए मामले में आरोप मुक्त कर दिया था। इसके पहले उन्होंने 10 वर्षों तक जेल में रहे। एनजीओ ने कहा कि कैद के दौरान साईबाबा को रीढ़ की हड्डी और तंत्रिका तंत्र संबंधी बीमारियों से जूझना पड़ा। इतना ही नहीं गिरफ्तारी के दौरान लगी चोटों के कारण उनके एक हाथ ने भी काम करना बंद कर दिया था। इसके अलावा, वे गॉल ब्लेडर की पथरी से भी पीड़ित थे। एनजीओ ने दावा किया कि उन्होंने कई बार सर्जरी के लिए अनुरोध किया था, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। साईबाबा पिछले 20 दिनों से हैदराबाद के निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती थे। माओवादी संपर्क मामले में बरी होने के सात महीने बाद शनिवार को साईबाबा की सरकारी अस्पताल में मृत्यु हो गई। साईबाबा ने बीते अगस्त में आरोप लगाया था कि शरीर का बायां हिस्सा लकवाग्रस्त हो जाने के बावजूद जेल अधिकारी उन्हें नौ महीने तक अस्पताल नहीं ले गए और उन्हें नागपुर सेंट्रल जेल में सिर्फ दर्द निवारक दवाएं दी गईं, जहां वह गिरफ्तारी के बाद से बंद थे। इसके चलते उनकी स्थिति और बिगड़ गई। 2014 में पूर्व अंग्रेजी प्रोफेसर ने दावा किया था।

# बंजर रेगिस्तान भी बना झीलों का घर

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे सूखे और बंजर क्षेत्र माने जाने वाले अफ्रीका के सहारा रेगिस्तान में 50 साल बाद ऐसी भारी बारिश हुई कि यह जगह हरियाली से भर उठी है। महज दो दिन की बारिश में आमतौर पर बंजर रेत के टीले अब पानी की चादरों के नीचे डूबे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार जलवायु परिवर्तन और असामान्य मौसम परिस्थितियों के चलते ऐसी स्थिति बनी है।



नासा ने सैटेलाइट के जरिये सहारा की रेत, आसपास के प्राचीन महलों और रेगिस्तानी वनस्पतियों से बहते पानी की शानदार तस्वीरें कैद की हैं। ताड़ के वृक्षों और रेत के टीलों के बीच अब यह नीले लैगून सा नजर आ रहा है। मोरक्को की इरिकी झील भी 50 साल बाद पानी से पूरी तरह लबालब है। इससे पहले सहारा रेगिस्तान में 1974 में 6 साल के सूखे के बाद बारिश हुई थी जो बाद में बाढ़ में बदल गई थी। दक्षिण-पूर्वी मोरक्को में पूरे साल औसतन 250 मिमी से भी कम बारिश होती है। मगर, सितंबर में ही कई इलाकों में पिछले दो दिनों में असामान्य बारिश हुई है। सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक टाटा में बारिश के बाद अद्भुत नजारा दिख रहा है।

वहीं, राजधानी रबात से करीब 450 किमी दूर दक्षिण स्थित तगौनिट गांव में 24 घंटों में 100 मिमी बारिश हो चुकी है मोरक्को के मौसम विज्ञान महानिदेशालय के अधिकारी हुसैन योआबेब ने कहा, यह दुर्लभ उष्णकटिबंधीय तूफान है और आने वाले वक्त में मौसम पैटर्न को बदल सकता है।

## विचाराधीन कैदी ने बैरक में लगाई फांसी

**बड़ोदरा।** गुजरात के साबरकांठा जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां हिम्मतनगर उप-जेल में बंद 24 वर्षीय विचाराधीन कैदी ने बैरक के शौचालय में फांसी लगातार कथित तौर पर आत्म हत्या कर ली। कैदी के ऊपर नाबालिग के साथ बलात्कार का आरोप था। पुलिस ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि घटना शनिवार सुबह हुई और हिम्मतनगर बी-डिवीजन पुलिस स्टेशन की स्टेशन डायरी में बाद में इसकी प्रविष्टि की । हिम्मतनगर जिला जेल के जिला जेल अधीक्षक जे जी चावड़ा ने बताया कि शनिवार सुबह जब कैदी नाश्ते के लिए लाइन में लगे थे।

# पोन्नेरी-कवरप्पेट्टई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन सेवाएं शुरू

**तमिलनाडु।** प्रदेश के तिरुवल्लूर में चेन्नई डिवीजन के पोन्नेरी-कवरप्पेट्टई रेलवे स्टेशनों पर मरम्मत कार्य चल रहा है। इस बीच रेलवे ट्रैक को दुरुस्त कर दिया गया है। दोनों स्टेशनों पर रेलवे सेवाएं फिर से बहाल कर दी गई हैं। यह चेन्नई से 46 किमी दूर है। यहां बीते शुक्रवार की शाम ट्रेन संख्या 12578 मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस की पीछे से एक मालगाड़ी से टक्कर हो गई थी।



दुर्घटना में 19 लोग घायल हो गए थे। इससे पहले दक्षिण रेलवे की ओर से पटरी से उतरे डिब्बों को हटाए जाने और लाइन को दुरुस्त किए जाने के बाद शनिवार रात को पहली ट्रेन कावरापेट्टई स्टेशन से गुजरी। रेलवे ने मरम्मत कार्य पर ताजा जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेन संख्या 12434 (चेन्नई राजधानी एक्सप्रेस) रात सवा नौ बजे कावरापेट्टई रेलवे स्टेशन की अप मेनलाइन से गुजरी, जो सामान्य स्थिति बहाल होने का संकेत है। रेलवे ने बताया कि ट्रेन के गुजरने से एक घंटे पहले पटरी को पहली ट्रेन के लिए 10 किलोमीटर प्रति घंटे की गति के लिए तैयार किया गया था और दो ट्रेन के गुजरने के बाद गति बढ़ाई जाएगी। ट्रेन संख्या 12578 मैसुरु-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस के नौ एसी कोच और एक पावर कार सहित कुल 10 डिब्बे और मालगाड़ी के दो वैगन को क्रेन की मदद से हटाया गया। यह ट्रेन 11 अक्तूबर को रात साढ़े आठ बजे कावरापेट्टई में एक मालगाड़ी से टकरा गई थी।

हादसा रात करीब साढ़े आठ बजे हुआ। इसके बाद यात्रियों को बसों से पोन्नेरी और फिर दो ईएमयू विशेष ट्रेन से चेन्नई सेंट्रल ले जाया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी डी. ओम प्रकाश ने बताया कि गंभीर रूप से घायल तीन यात्रियों को स्टेनली मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेलः amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941